तापमान
अधिकतम 43.2 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026



## ऑनलाइन सट्टा संचालन करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना वैशाली नगर पुलिस थाना क्षेत्र की है। मुखबिर की सूचना पर जवाहर नगर पुलिया के पास कल्याण, राजधानी नामक सट्टा गेम में अंकों पर रुपये का दांव लगाया जा रहा था। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दीपनगर निवासी संजय कुमार प्रसाद उर्फ पंडित को पकड़ा। आरोपी अपने मोबाइल फोन से सट्टा संचालन करना और अन्य व्यक्तियों से संपर्क कर लेनदेन करना स्वीकार किया है। पुलिस ने मोबाइल फोन, 17 हजार नगद राशि, सट्टा से जुड़े डिजिटल साक्ष्य,मोबाइल जब्त किया गया। कुल 46 हजार रुपए का सामान मिला है।

## रंजिश के चलते युवक पर हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** रंजिश के चलते युवक पर बेसबॉल बैट से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने आरोरी युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मिलन चौक कैम्प 2 निवासी करन चौहान ने रात को श्याम नगर महामाया मंदिर ठेठवार पारा, कैम्प 02 निवासी तरुण यादव, चंदन यादव ने रंजिश के चलते हमला कर फरार हो गया। मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। दोनों आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से एक धारदार हथियार, बेसबॉल बैट जब्त किया है।



## सुषमा छत्तीसगढ़ सिंधी एकादमी की बनी अध्यक्ष

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर से जारी आदेश के मुताबिक दुर्ग जिले के भिलाई-3 अंतर्गत बाजार चौक वार्ड-16 निवासी सुषमा जेठानी को अस्थायी रूप से उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि आगामी आदेश तक छत्तीसगढ़ सिंधी एकादमी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस आदेश को लेकर भाजपा नेताओं ने खुशी जाहिर की है।












# देश की माता-बहनों और बेटियों को सशक्त बनाने की योजना है नारी शक्ति वंदन अधिनियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



महिला मोर्चा ने निकाली स्कूटी रैली

नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा भिलाई द्वारा नारी शक्ति स्कूटर रैली का आयोजन किया गया। रैली में दुर्ग महिला मोर्चा की भी सहभागिता रही। स्कूटी रैली भिलाई जिला भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर, सुपेला चौक, गदा चौक, इंदिरा चौक,बघवा चौक, मौर्य टॉकीज से होते हुए आकाश गंगा से होते हुए भिलाई जिला कार्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवडा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महामंत्री सुषमा जेठानी, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री कुमुद बघेल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, जिला महिला मोर्चा दुर्ग अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल उपस्थित थे।

महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक ने कहा कि नारी शक्ति अधिनियम देश की माता-बहनों और बेटियों को सशक्त बनाने की योजना हैं। नारी शक्ति अधिनियम केवल एक विधायी दस्तावेज नहीं है बल्कि यह उन करोड़ों महिलाओं के समर्थ उनके संघर्ष और उनकी अटूट समर्पण का सम्मान है, जो घर की चार दिवारी से लेकर अंतरिक्ष के अभियान तक भारत का तिरंगा फहरा रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

काम के दौरान बिजली सप्लाई बंद किए जाने का दावा

# करंट लगने से युवक की मौत, मुआवजे के बाद पीएम के लिए भेजा गया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन ब्लॉक के ग्राम झीट में बिजली खंभे पर काम करते समय एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट में करीब तीन घंटे तक डटे रहकर मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की।

जानकारी के अनुसार, बिजली विभाग के ठेकेदार द्वारा मजदूरों से कार्य कराया जा रहा था। ग्राम झीट निवासी जितेंद्र ठाकुर (लगभग 28 वर्ष) सीढ़ी लगाकर बिजली खंभे पर काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि उस समय पूरे क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई थी, बावजूद इसके युवक रिटर्न करंट की चपेट में आ गया। यह करंट कहां से आया, यह जांच का विषय बना हुआ है।



घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसडीओपी अमलेश्वर, पाटन और रानी तराई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। प्रशासन की ओर से तहसीलदार पवन ठाकुर और नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। ग्रामीणों की ओर से गजानंद सिन्हा और अंशु रजक ने पीड़ित परिवार का पक्ष रखते हुए अधिकारियों से चर्चा की। काफी देर तक चली बातचीत के बाद प्रशासन द्वारा तत्काल एक लाख रुपए नकद सहायता और एक लाख रुपए बाद में देने के साथ-साथ शासन की अन्य योजनाओं के तहत सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### आदित्य ने बढ़ाया मान



कुम्हारी। नगर के आदित्य पाण्डेय ने सी बी एस सी 10 बोर्ड में 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे नगर को गौरवान्वित किया है। आदित्य कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना के छात्र हैं। आदित्य स्पेस रिसर्च प्रोग्राम मे शामिल होने सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते है। वे अश्वनी पाण्डेय एवं पूजा पाण्डेय के सुपुत्र हैं।

## निधन

### मदन शर्मा



भिलाई। लोक नाट्य 'चंदैनी गोंदा' के प्रमुख वादक कलाकार रहे और छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता-निर्देशक, गीतकार व संगीतकार मदन शर्मा (80) का शनिवार को निधन हो गया। वे श्रीमती पुष्पा शर्मा के पति, प्रकाश शर्मा, राकेश शर्मा और शैलेष शर्मा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम करंजा भिलाई में 19 अप्रैल रविवार को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। स्व. मदन शर्मा ने दो दशक पहले छत्तीसगढ़ी फिल्म 'भकला' का निर्माण किया था, जिसमें उनके लिखे गीत 'छूट जाही अंगना अटारी' को स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर और ऊषा मंगेशकर ने स्वर दिया था।

### बलराम सोनी



भिलाई। एमआईजी 1 /836 हुडको निवासी बलराम सोनी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 19 अप्रैल रविवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में दोपहर 2 बजे किया जाएगा। वे मुरली सोनी और राज मोहन सोनी के पिता थे।

### रानी शुक्ला



भिलाई। नेहरू नगर निवासी रानी शुक्ला 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम सुपेला में किया गया। वे स्व. डॉ मुरारीकांत शुक्ला की पत्नी और डॉ रवि शुक्ला की माता थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

बदहाली : समस्या का निराकरण नहीं होने से परेशान हैं लोग

# धमधा अंधेरे में : 10 साल बाद भी नहीं सुधरी बिजली व्यवस्था, जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमधा

*आधुनिक दौर में जहां 24 घंटे बिजली और स्मार्ट सुविधाओं के दावे किए जा रहे हैं, वहीं धमधा नगर आज भी जर्जर बिजली व्यवस्था से जूझ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि किसी एक इलाके का ट्रांसफार्मर जलते ही पूरे शहर की बिजली गुल कर दी जाती है, जिससे आमजन का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग हर बार "लोड ज्यादा है" कहकर अपनी जिम्मेदारी से बचता नजर आता है।*

सवाल यह उठ रहा है कि जब वर्षों से लोड बढ़ रहा है, तो अब तक व्यवस्था को मजबूत क्यों नहीं किया गया। पिछले 10 सालों में समस्या जस की तस बनी हुई है, जिससे नागरिक खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

बार-बार बिजली कटौती का असर हर वर्ग पर पड़ रहा है। छोटे व्यापारियों का काम ठप हो रहा है, बिजली पर निर्भर उद्योगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं, छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है, खासकर परीक्षा के समय यह समस्या और गंभीर हो जाती है। घरेलू उपभोक्ता भी लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली आने-जाने से परेशान हैं, जिससे उनके महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं। भीषण गर्मी में बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बिना पंखे और कूलर के रहना मुश्किल हो गया है, जिससे बुजुर्ग, बच्चे और बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। जनता अब स्थायी समाधान की मांग कर रही है। लोगों का कहना है कि अलग-अलग क्षेत्रों के लिए स्वतंत्र सप्लाई सिस्टम विकसित किया जाए, नए और उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाए जाएं और बिजली व्यवस्था को आधुनिक बनाया जाए, ताकि एक जगह की खराबी से पूरा शहर प्रभावित न हो। अब देखना यह है कि प्रशासन और बिजली विभाग कब तक इस समस्या का स्थायी समाधान निकाल पाते हैं या फिर धमधा की जनता को यूं ही अंधेरे में रहना पड़ेगा।




### प्रतिक्रियाएं

लोड बढ़ जाने के कारण मेंटेनेंस का कार्य चालू है 7 -15 दिनों में समाधान हो जाएगा और धमधा में नया फीडर भी सेंक्शन हुआ है 15 दिन में वो भी शुरू हो जाएगा।

राहुल गोपलानी (जूनियर इंजीनियर )

जिस तरीके की अव्यवस्था धमधा नगर में बिजली की हो रही है इसे जल्दी सुधार लाना चाहिए नहीं तो कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

.राजीव गुप्ता (जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी दुर्ग )

भयावह गर्मी है बिना हवा के लोग परेशान हो जा रहे है तत्काल प्रभाव से इसमें सुधार करके इसे व्यवस्थित करने की आवश्यकता है।

.रोहित राजपुत( जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा दुर्ग ) :-

# बीएसपी के सिंटर संयंत्र-3 में ड्राई आइस ब्लास्टिंग तकनीक का क्रियान्वयन

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर संयंत्र–3 में पहली बार 8.4 मेगावाट वेस्ट गैस फैन (डब्लूजीएफ) मोटर की डीप क्लीनिंग के लिए ड्राई आइस ब्लास्टिंग तकनीक का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया। सफाई कार्य प्लेट मिल में डब्लूजीएफ मोटर के इन-हाउस रिपेयर के दौरान प्लेट मिल टीम के सक सहयोग से किया गया। उल्लेखनीय है कि डब्लूजीएफ मोटर सिंटर उत्पादन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसकी सुचारु कार्यप्रणाली उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने में भूमिका निभाती है। मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीस व विभागाध्यक्ष राहुल बिजुरकर मुख्य



महाप्रबंधक बीके बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक टीके कृष्णा कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहरा उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार और डिस्काउंट

भिलाई। इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64बी, प्रिया सिंगार सदन के सामने सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट और विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां ग्राहकों को एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच व इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में अपार भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखने में आसुविधा होती है। ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग की व्यवस्था की गई है ताकि धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का एचयूआईडी कोड जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। ओम ज्वेलर्स में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने और चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है।




## अंचल-सिटी की खबरें

# 10वीं के परीक्षा परिणाम में धमधा क्षेत्र में स्काई इंटरनेशनल स्कूल आगे







धमधा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में स्काई इंटरनेशनल स्कूल, धमधा ने इस वर्ष ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए पूरे धमधा क्षेत्र में प्रतिशत के मामले में सबसे आगे रहकर बाज़ी मार ली है। इस वर्ष विद्यालय ने एक नया रिकॉर्ड कायम किया है, जहां टॉप 3 के सभी विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। नमन कुमार साहू ने 92.4% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रखर अग्रवाल ने 90.2% अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, वाशु चंद्र वर्मा ने 90% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. माया भट्टाचार्य ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम बताया। वहीं, विद्यालय के निर्देशक संकेत जैन ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निरंतर मार्गदर्शन ही इस सफलता का मुख्य आधार है। विद्यालय की संरक्षक सुनीता जैन ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम जारी रहेंगे। इस शानदार सफलता से पूरे धमधा क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

# पाटन ब्लॉक कांग्रेस में सेक्टर अध्यक्षों की नियुक्ति संगठन को मजबूत करने मिली नई जिम्मेदारी



सेलुद। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन द्वारा प्रस्तावित सेक्टर अध्यक्षों की सूची को जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के अनुमोदन उपरांत शुक्रवार को विधिवत जारी कर दी गई है। संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से यह नियुक्तियाँ की गई हैं। जारी सूची के अनुसार विभिन्न मंडलों के अंतर्गत निम्नलिखित सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। मंडल अमलेश्वर (शहर) विकास वर्मा अमलेश्वरडीह (ग्रामीण), गिरधर साहू मंडल घुघुवा करसा पाहंदा (अ), भरत वर्मा नारधी, देवेंद्र वर्मा औंधी,दिलीप टंडन (भांठागांव) करसा, दिनेश साहू ( करसा) मंडल झीट,मोहन सिंगौर (मोतीपुर) जमराव , सोहन सोनकर ( घुघवा ज) तर्रा , सोमेश चन्द्राकर (लोहरसी) जामगांव एम, राजेन्द्र ठाकुर (जामगांव एम) मंडल सेलूद, संजय यादव महका नेमचंद निर्मलकर गोड़पेंड्री, दीपक बंजारे (गोंड़ पेंड्री) पतोरा, देव ठाकुर (पतोरा) मंडल पाटन ग्रामीण देवादा, कौशल साहू (अरसनारा) बठेना, कौशल सपहा (सिकोला) सोरम , गालव वर्मा (सेमरी) तरीघाट,ईश्वर बंजारे (सिपकोन्हा) भनसूली केसरा, मनीष पटेल (तेलीगुंडरा मंडल पाटन शहर, नीरज सोनी (पाटन) पाटन (ग्रामीण) और सरजू साहू (अखरा) की नियुक्ति की गई है।

# डीपीएमएस पर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रबंधन के पहलुओं को मिले टिप्स

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशन के तहत बीएमडीसी, सेक्टर–7 में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। उदघाटन ईडी पीके सरकार ने किया। प्रतिभागियों को तकनीकी प्रबंधन के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आईपीयू की पहल से लेकर स्टेज-1 और स्टेज-2 अनुमोदन, कॉन्ट्रैक्ट अवार्ड, निष्पादन, कमीशनिंग तथा अंततः कॉन्ट्रैक्ट क्लोजर तक की संपूर्ण प्रक्रिया को समझाया गया। प्रतिभागियों को डीपीएमएस में पंजीकरण की प्रक्रिया, डायरेक्टरी निर्माण, कंसल्टेंट को असाइनमेंट, आईपीयू निर्माण, के साथ डीपीएमएस का इंटरफेस तथा विभिन्न अनुमोदन प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान की गई। उद्घाटन सत्र कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) पीके सरकार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक अंकिता मोहनिया द्वारा किया गया । कार्यक्रम में सीजीएम एमके गुप्ता,अनुराग उपाध्याय व उन्मेष भारद्वाज भी उपस्थित थे।

# सेक्टर-6 जगन्नाथ मंदिर में आज मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सर्व ब्राह्मण समाज के महामंत्री बने विनोद उपाध्याय

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-6 में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज जिला भिलाई के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी ने की। सर्व ब्राह्मण समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समाज ने विनोद उपाध्याय को महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनके दीर्घकालीन सामाजिक योगदान, सक्रियता एवं समर्पण को देखते हुए की गई है। उपाध्याय लंबे समय से समाज सेवा एवं जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता एवं समाज के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए यह दायित्व उन्हें सौंपा गया है। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती के 19 अप्रैल को दोपहर में सेक्टर-6 स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में धूमधाम के साथ समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता रहेगी।



बैठक में राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी (भिलाई), जिला भिलाई अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी, नवनियुक्त महामंत्री विनोद उपाध्याय, उपाध्यक्ष अरुण पांडा, अवधेश कुमार पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, सचिव राधाकांत पाण्डेय, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र पाठक, सांस्कृतिक प्रभारी आलोक।बिहारी मिश्रा, युवाध्यक्ष विपिन उपाध्याय, महिला अध्यक्ष मृदुला शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित शर्मा, प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, संभागीय महासचिव दीपक मिश्रा, जिलाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, उपाध्यक्ष अरुण पंडा, मुकुंद अवधूत, प्रकाश दास, अमरेश पाढ़ी, उर्मिला उपाध्याय, संध्या मंडलोई, रविंद्र जी, सूर्यकांत पाण्डेय, प्रवीण माडिकर, राधाकांत पांडेय, राघवेन्द्र पाठक, पंकज पाठक, गजेन्द्र पंडा, शीतल दुबे, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, शरद दुबे, संजय मिश्रा, श्रीराम कुलकर्णी, संजय शर्मा, ओमप्रकाश मिश्रा, डॉ. अरुण शर्मा, अभिषेक शर्मा, राजेश शर्मा, सीमा तिवारी, जयप्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

संगठन सृजन अभियान को मिली गति, बूथ व पंचायत कमेटी गठन पर जोर

# कांग्रेस कार्यकर्ता साय सरकार के जन विरोधी कार्यों का खुलकर करें विरोध, जनता के बीच रहें मुखर : चैतन्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन/रानीतराई

प्रदेश कांग्रेस व जिला कांग्रेस के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन के तहत बूथ गठन एवं ग्राम अध्यक्ष के साथ साथ संगठन विस्तार के लिए ग्राम असोगा में महत्वपूर्व बैठक आयोजित की गई। जहां बूथ स्तर से लेकर पंचायत सेक्टर स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

जामगांव आर के प्रभारी विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने स्वागत भाषण में कहा कि कांग्रेश पार्टी को बूथ व पंचायत स्तर से लेकर मजबूती प्रदान कर आने वाले चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देने के लिए हमारे कार्यकर्ता तैयार रहे।चैतन्य बघेल ने कहा कि हमें कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता अभी से जुड़ जाएं एकजुट होकर काम करें।आपसी मतभेद को भूल कर कांग्रेस एवं भूपेश बघेल के लिए काम करें तभी भाजपा के निकम्मी सरकार को उखाड़ सकेंगे।



जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ता को जमीनी स्तर से काम करना होगा सभी कार्यकर्ता भूपेश बघेल बनकर काम करें,जिससे कांग्रेस पार्टी को ताकत मिलेगी। महामंत्री व प्रभारी राम सूर्यवंशी,पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सेक्टर प्रभारी भविष्य जैन ने की,आभार व्यक्त रश्मि भेदप्रकाश वर्मा ने की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चैतन्य बघेल,आशीष वर्मा पूर्व ओएसडी,रामकुमार सूर्यवंशी प्रभारी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जामगांव राजेश ठाकुर,सोहन जोशी मंडल अध्यक्ष,ईश्वर शर्मा,जनपद सदस्य रश्मि भेदप्रकाश वर्मा, अशोक साहू विधायक प्रतिनिधि,सत्यनारायण टिकरिहा बैठक प्रभारी आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

### हेलमेट को बाइक में लटका कर रहा था ओवरटेक, हुई मौत

# काश आरिफ ने हेलमेट पहना होता आज अपनों के बीच होता

*दुर्ग जिले के कुम्हारी क्षेत्र में खारून नदी के ब्रिज में एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार आरिफ रजा मंसूरी की मौत हो गई। इस घटना ने लोगों को यह सीख दी कि ट्रैफिक पुलिस क्यों लोगों को हेलमेट और ट्रैफिक नियम का पालन करने की सीख देती रहती है। इस घटना में भी आरिफ ने हेलमेट तो लिया था, लेकिन उसे पहनने की जगह बाइक के हैंडल में दाहिने तरफ लटकाए हुए था। इस लापरवाही के बाद उसने खारून नदी ब्रिज में सामने जा रहे दो ट्रकों के बीच से ओवरटेक करते हुए बाइक को निकाला और टकराकर ट्रक के नीचे आ गया। ट्रक का पहिया उसके सिर से गुजर गया और आरिफ की सांसे वहीं थम गईं। यदि आरिफ ने हेलमेट पहना होता तो शायद आज उसकी जान बच जाती।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार 18 अप्रैल दोपहर 1 बजे की है। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला निवासी आरिफ रजा मंसूरी कुम्हारी खारून ग्रीन कालोनी में रह कर काम करता था। वह ड्यूटी पर अपनी बाइक एमपी 65 एमई 8516 से रायपुर जाने के लिए निकला था। उसने घर निकलते समय हेलमेट भी लिया, लेकिन पहनना नहीं।

उसे बाइक के हैंडल में ही लटकाकर चल दिया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि आरिफ काफी जल्दी में था और तेज रफ्तार में बाइक चलाते हुए जा रहा था। जैसे ही वो खारून नदी में मरम्मत के बाद शुरू हुए ब्रिज के ऊपर पहुंचा उसके आगे दो ट्रक पैरलल चल रहे थे। उसने दोनों ट्रकों के बीच से बाइक निकालते हुए ओवरटेक करने का प्रयास किया, लेकिन उसकी बाइक का हैंडल दाहिने तरफ चल रहे ट्रक से टकराया और वह नीचे गिर गया। इससे वो सीधे ट्रक सीजी 04 पीक्यू 8262 की चपेट में आ गया। ट्रक का पिछले पहिया सिर के ऊपर से निकला और सिर कुचलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने उसके शव को सुपेला अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया है। कल उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा उसके बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया है।



### अपनों के लिए करें ट्रैफिक नियमों का पालन

आपकी जान आपके लिए जितनी कीमती है, उससे अधिक कीमती हमारे और आपके परिवार के लिए है। इसलिए अपने लिए नहीं लेकिन अपनो के लिए ट्रैफिक नियमो का पालन करें और गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग जरूर करें।

- **विजय अग्रवाल,** एसएसपी दुर्ग

### समय समय पर चलते हैं ट्रैफिक जागरुकता के कार्यक्रम

लोग सड़क दुर्घटना का शिकार ना हों। उनकी जान बचे और वो अपनो के साथ लंबा जीवन बिताएं इस बात की चिंता को अपने ऊपर लेते हुए ट्रैफिक पुलिस समय समय पर ट्रैफिक जागरुकता को लेकर कार्यक्रम करती रहती है। इतना ही नहीं हर साल सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन कर लोगों को समझाइश से लेकर फूल भेंट कर, हेलमेट भेंटकर और उसके बाद चालानी कार्रवाई करके भी समझाने का प्रयास करती है। लेकिन लोग थोड़ी सी हीरोपंथी दिखाने के चलते ना तो कार में सीटबेल्ट लगाते हैं और ना दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करते हैं। अपनी इस छोटी सी लापरवाही के चलते काल का ग्रास बनते हैं और अपनो को जीवन भर के लिए दुख में छोड़कर चले जाते हैं।






# पारा 43 डिग्री पार, लू की चपेट में ट्विनसिटी, और बढ़ेगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शनिवार को पारा 43 डिग्री पार हो गया। ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा है। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि लू की स्थिति तीन दिन और रह सकती है और पारा 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। तापमान बढ़ने की वजह से पूरे दिन लू के हालात से ट्विनसिटीवासियों को जूझना पड़ा। सड़कों पर दोपहर को सन्नाटा पसरा रहा। आवागमन कम हो गया है। जिला व स्वास्थ्य प्रशासन ने लोगों को लू एलर्ट जारी किया है।

## इस साल पारा 44 डिग्री पार होने की संभावना

### इस तरह चल रहा है सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से मन्नार की खाड़ी तक पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना, रॉयल सीमा और तमिलनाडु होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से मणिपुर तक बिहार, अप हिमालयीन पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रति चक्रवात अंदरुनी महाराष्ट्र और उससे लगे तेलंगाना तथा उत्तर अंदरूनी कर्नाटक के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



### तीन दिन तक ग्रीष्मलहर जैसे हालात रहेंगे

मौसम विभाग ने तीन दिन तक ग्रीष्म लहर जैसे हालात रहने की चेतावनी दी है। हालांकि विभाग ने स्पष्ट किया है कि ग्रीष्म जैसे स्थिति बन रही है न कि ग्रीष्म लहर चल रही है। प्रति चक्रवात के असर से बादल भी छा रहे है। इस वजह से उमस से राहत मिलने की उम्मीद कम है। ग्रीष्म लहर यानी हीट वेव जैसी स्थिति 20 अप्रैल तक बनने की मुख्य वजह राजस्थान से होकर उत्तर-पश्चिम दिशा से गर्म हवा ज्यादा मात्रा में आना है।

### इस बार पहले बने हालात

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि हर साल 20 अप्रैल के बाद जिले व प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में ग्रीष्म लहर जैसे हालात बनते थे लेकिन इस बार मौसमी सिस्टम (प्रति चक्रवात) की वजह से 20 अप्रैल के पहले यह स्थिति बन गई है। पिछले साल 22 अप्रैल को रायपुर का पारा 44 डिग्री के आसपास पहुंचा था। अमूमन ऐसे हालात तभी बनते है, जब कोई मौसमी सिस्टम धरती से वापस जाने वाली उष्मा तरंग को अंतरिक्ष की ओर जाने से कुछ हद तक रोकती है। तीन दिन तक गर्मी व उमस से राहत मिलने की उम्मीद कम है। इसके बाद तापमान में गिरावट आने से राहत मिल सकती है।

# भीषण गर्मी को देखते हुए सलाह देने विशेष दस्ता गठित

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम क्षेत्र में वर्तमान में बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए जन-स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु विशेष सतर्कता बरती जा रही है। आयुक्त के निर्देशानुसार, निगम द्वारा गठित विशेष दस्ता और जिला मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम द्वारा निरंतर वार्डों में भ्रमण कर नागरिकों को लू से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं।

जोन-02 वैशाली नगर के वार्ड-25, जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड स्थित प्रधानमंत्री आवासीय कॉलोनी में सघन सर्वेलेंस और सर्वेक्षण कार्य किया गया। अब तक 400 से अधिक घरों में संपर्क किया गया है। इस दौरान टीम ने घर-घर जाकर नागरिकों को गर्मी से बचाव हेतु स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की और जागरूकता पाम्पलेट वितरित किए। नागरिकों के लिए आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया है।सर्वेक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने नागरिकों को कई सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। दोपहर के समय जब तक बहुत अनिवार्य न हो, घर से बाहर न निकलें। धूप में निकलते समय सिर और कानों को कपड़े से ढंककर रखें। पानी का अधिक से अधिक सेवन करें। आहार में पानी से भरपूर फल जैसे खरबूजा, खीरा और ककड़ी को शामिल करें। शरीर में पानी की कमी को रोकने के लिए नींबू पानी, शिकंजी, लस्सी, और छाछ जैसे तरल पदार्थों का नियमित सेवन करें।





## खबर संक्षेप



### फांसी पर लटके शव का बनाया रील, एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** सार्वजनिक स्थान पर आत्महत्या करने वाले युवक का शव को देख सोशल मीडिया में चलाने के लिए कुछ युवक रील बनाते रहे। लेकिन शव को देख आने जाने वालों ने भी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझी। यह घटना 12 अप्रैल रविवार को सेक्टर 4 सड़क 36 के निवासी अजय प्रजापति के शव का है। अजय ने एक पेड में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली थी। इसे देख ब्लाक कांग्रेस कमेटी तीन अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी ने गंभीरता से लेते हुए एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। उसमें बताया गया कि आजकल के युवा शव को फांसी पर लटका देख इंस्टाग्राम और फेसबुक के लिए रील बनाने में जुट गए थे। पुलिस तक को जानकारी देना जिम्मेदारी नहीं समझा गया। इस तरह के लोगों के खिलाफ पुलिस को सार्थक कदम उठाने की मांग किया। इस दौरान ब्लॉक उपाध्यक्ष ख्वाजा अहमद, आशीष यादव, पार्षद सुरेश वर्मा, हरीश सिंह,मंडल अध्यक्ष अभिषेक अवस्थी, लक्ष्मण सिंह,ब्लॉक महामंत्री धनु मिश्रा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमाकांत दिशलहरें, आदि नारायण, मेशांक मिश्रा, फतेह सिंह, देवेंद्र उइके, लोकेश, निउभ सिंह आदि मौजूद थे।

### पेवर ब्लॉक लगाने महापौर शशि ने किया भूमिपूजन



**भिलाई।** रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा की निधि से वार्ड 29 लक्ष्मी नगर स्थित सतनाम भवन परिसर में पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। इस कार्य के महापौर ने अपने निधि से 1 लाख 50 हजार की स्वीकृत की है। उन्होंने इस कार्य के लिए गुरूवार को भूमिपूजन किया। महापौर शशि सिन्हा ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों से कहा कि प्राथमिकता के आधार पर वे कार्य स्वीकृत कर रही है और विकास कार्य को मूर्त रूप देने भूमिपूजन भी साथ ही साथ कर रही है। भूमिपूजन कार्यक्रम में एमआईसी संजू नेताम समेत समाज के वरिष्ठ नागरिक और पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मीजल्स रूबेला टीकाकरण 22 से

**भिलाई।** लालबहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में 22 से 30 अप्रैल तक मीजल्स रूबेला का टीका लगाया जाएगा। अस्पताल प्रभारी डॉ. पीयम सिंह ने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक टीके लगाए जाएंगे। मीजल्स-रूबेला एकआर टीका खसरा और रूबेला से सुरक्षा प्रदान करने वाला एक सुरक्षित और प्रभावी टीका है, जो मुख्य रूप से बच्चों को 9-12 महीने और 16-24 महीने की उम्र में दो खुराक के रूप में दिया जाता है।

## शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने बनाई कमेटी

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति सभी निजी विद्यालयों में लागू पर एनसीईआरटी की किताबों से नहीं पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

राष्ट्रीय शिक्षा नीति छत्तीसगढ़ के निजी स्कूलों में भी लागू है। इसका मतलब सभी स्कूल चाहे वो शासकीय हो या निजी एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई कराना अनिवार्य है। इसके बावजूद इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। न शिक्षा विभाग इस नियम का पालन करवाने में सख्ती दिखाई है और न स्कूल संचालकों ने इस पर पहल की। नतीजा विद्यार्थी निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई करने मजबूर हो रहे हैं। पालकों को मंहगे दाम पर किताबें खरीदनी पड़ रही हैं। खास बात यह है कि एनसीईआरटी की किताबों से ही स्टडी कर विद्यार्थियों को आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठना है। निजी प्रकाशकों की किताबों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी ही नहीं होती। ऐसे में निजी स्कूल विद्यार्थियों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। उसके बावजूद शासन-प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।




### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के ये हैं नियम

छतीसगढ शासन के आदेश 15/7/2024 के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति को राज्य स्थित सभी विद्यालयों में लागू कर दिया है। इससे छत्तीसगढ़ राज्य स्थित विद्यालयों (केन्द्रीय विद्यालय तथा जवाहर नवोदय विद्यालय को छोड़कर) को छत्तीसगढ़ निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2010 के प्रावधान 15 के अनुसार विद्यालय संचालन हेतु मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है। निजी विद्यालय को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रदत मान्यता के प्रावधान 7 के अनुसार विद्यालय को समुचित प्राधिकारी द्वारा अधिकथित पाठ्यचर्य के आधार पर पाठ्यक्रम का पालन करना अनिवार्य है। भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद् को शैक्षणिक प्राधिकारी अधिसूचित किया है।

### स्कूलों द्वारा किताबें चलाना इसलिए जरूरी

1. शिक्षा का अधिकार अंतर्गत राज्य के भीतर स्थित सभी विद्यालय जो छतीसगढ़ शासन के क्षेत्रधिकार में आते हैं। चाहे वह विद्यालय किसी मी बोर्ड से सम्बद्धता रखता हो 6 से 14 वर्ष की शिक्षा उनका मौलिक अधिकार है।
2. किसी भी निजी विद्यालय के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से निजी प्रकाशकों के पाठयपुस्तक के उपयोग करने से पहले उनका अनुमोदन जरूरी है लेकिन भिलाई, दुर्ग सहित दुर्ग जिले में स्कूलों द्वारा अनुमोदन प्राप्त नहीं किया है।
3. जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा बाल सरंक्षण आयोग के द्वारा पत्र कमाक 9/4/2024 के माध्यम से एनसीईआरटी और एसईसीईआरटी के पाठ्य पुस्तक से शिक्षा प्रदान करने के निर्देशकों पालन नहीं किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यह अनिवार्य

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधान करके अनुसार 6 वर्ष के बालकों शिक्षा प्रदाय करने के लिये निम्मलिखित निर्देश जारी किए गए हैं। बुनियादी स्तर के पहले तीन वर्षों में 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए कोई निर्धारित पाठ्यपुस्तक नहीं होनी चाहिए। इस आयु के वर्गों के बच्चों पर पाठ्यपुस्तक का बोझ नहीं डालना चाहिए। यानी कोई भी विद्यालय किसी विद्यार्थी को 5000 रुपये के पाठ्यपुस्तक खरीदने के लिये बाध्य नही कर सकता है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों को एनसीईआर से पाठयक्रम का अनुसरण करना अनिवार्य है। विद्यालय को सलाह दी है कि वह एनसीईआरटी व एससीईआरटी के पाठ्यपुस्तक का उपयोग शिक्षा प्रदान करने के लिये करें। विद्यालय कुल पूरक पाठय पुस्तक का उपयोग शिक्षा प्रदाय करने हेतु कर सकते हैं।

### किताबों के दामों में इस तरह अंतर

| कक्षा | एनसीईआरटी | निजी प्रकाशक सेट |
|---|---|---|
| पहली | 195 | 2000 से 3500 रुपए |
| दूसरी | 26 | 2000 से 3500 रुपए |
| तीसरी | 390 | 2500 से 4000 रुपए |
| चौथी | 360 | 2500 से 4000 रुपए |
| पांचवी | 600 | 2500 से 5000 रुपए |
| छठवीं | 490 | 3000 से 5000 रुपए |
| सातवीं | 585 | 3000 से 5500 रुपए |
| आठवीं | 590 | 3500 से 5500 रुपए |
| नवमी | 750 | 4000 से 6000 रूपए |
| दसवीं | 700 | 4000 से 7000 रूपए |

**नोट :** ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की किताबें छात्रों द्वारा चुने गए विषय समूह जैसे-कला, वाणिज्य, विज्ञान अथवा गणित समूह के आधार पर अलग-अलग हैं। लेकिन किसी भी संकाय की एनएसीईआरटी की किताबें 1500-2000 रुपए के रेंज में ही हैं, जबकि निजी हायर सेकंडरी कक्षाओं की निजी प्रकाशकों की किताबें 4000 रुपए से प्रारंभ होकर 7000 रुपए तक की रेंज में है।

### जिला शिक्षा विभाग ने चार स्तर पर दी है स्कूलों को मान्यता

जिले में चार स्तर पर स्कूलों को मान्यता मिली हुई है। पहला नर्सरी से कक्षा पाचवीं, दूसरा नर्सरी से कक्षा आठवीं और तीसरा नर्सरी से कक्षा बाारहवीं सीजी बोर्ड और चौथा नर्सरी से कक्षा बारहवीं सीबीएससी बोर्ड। क्रमांक 1 से 3 तक मान्यता प्राप्त विद्यालय को एसईसीआरटी के पाठ्यपुस्तक को अनुशरण करते हुए पढ़ाई करवाना अनिवार्य है। इन विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को राज्य शासन निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध करवाता है। क्रमांक 4 को एनसीईआरटी पाठयक्रम को पालन करना अनिवार्य है।

### बनाई गई है जांच समिति



जिला शिक्षा विभाग ने फीस, किताबें गणवेश संबंधी शिकायतों को लेकर जांच समिति बनाई है। इस समिति में कोई भी संस्था , पालक या आमजन शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। पांच सदस्यीय समिति उन शिकायतों की जांच करेगी और उनकी रिपोर्ट के आधार पर नियम के हिसाब से आगे की कार्रवाई तय करेगी।

**- अरविंद कुमार मिश्रा**
जिला शिक्षा अधिकारी

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर बवाल दुर्ग में भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन



भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय के नेतृत्व में हुआ धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

लोकसभा में अधिनियम पारित नहीं होने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने दुर्ग में जोरदार प्रदर्शन किया। हिंदी भवन के पास महात्मा गांधी प्रतिमा के सामने रात 9 बजे आयोजित इस प्रदर्शन में भाजपा नेताओं और महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। इस प्रदर्शन में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय मुख्य रूप से शामिल हुईं, जबकि कार्यक्रम जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

- **लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम पारित नहीं होने का विरोध**
- **कांग्रेस पार्टी को महिला हित विरोधी दिया करार**

सरोज पाण्डेय ने विपक्ष पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना चाहती थी, लेकिन विपक्षी दलों ने इस महत्वपूर्ण विधेयक को गिराकर महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं के हितों की बात करने वाली पार्टी ने ही इस अधिनियम का समर्थन नहीं किया, जिससे उनका दोहरा रवैया सामने आया है। वहीं महापौर अलका बाघमार ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए लाया गया था, लेकिन विपक्ष की मंशा के चलते इसे पारित नहीं होने दिया गया। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं आने वाले समय में इसका जवाब जरूर देंगी। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहीं, जिन्होंने विपक्षी दलों को महिला विरोधी बताते हुए कड़ा विरोध जताया।

इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी, राजीव पांडेय, नीलेश अग्रवाल, आसिफ अली नितेश साहू, रजा खोखर, राजा महोबिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

## एमएसएमई प्रतिनिधि मंडल और बीएसपी अधिकारी की बैठक

# क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को गति देने के लिए सीपीडी के माध्यम से दिए जा रहे कार्यों में सुधार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

एमएसएमई जिला उद्योग संघ दुर्ग के प्रतिनिधिमंडल और भिलाई स्टील प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक एमएफयू के बीच बैठक हुई। इसका उद्देश्य एमएसएमई एंसिलरी इकाइयों की भागीदारी बढ़ाना, उनकी समस्याओं का समाधान करना तथा औद्योगिक सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाना था।

बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से यह रखा कि वर्तमान में सीपीडी केंद्रीय क्रय विभाग के माध्यम से दिए जा रहे कार्यों में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और लचीला बनाया जाए, तो स्थानीय एमएसएमई इकाइयों को अधिक अवसर प्राप्त हो सकते हैं, जिससे क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से डिलीवरी पीरियड डीपी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि वर्तमान 30 दिनों की समयसीमा कई बार व्यावहारिक नहीं होती, विशेषकर तब जब कच्चे माल की उपलब्धता या अन्य लॉजिस्टिक चुनौतियां सामने आती हैं। इसीलिए उन्होंने डीपी को बढ़ाकर 60 दिन करने की मांग रखी, जिससे इकाइयों को कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा करने में पर्याप्त समय मिल सके। लिक्विडेटेड डैमेज एलडी के प्रावधानों पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल का मत था कि वर्तमान एलडी प्रणाली कई बार एमएसएमई इकाइयों के लिए दंडात्मक सिद्ध होती है, जबकि कई देरी के कारण उनके नियंत्रण से बाहर होते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि एक बार टेंडर जारी होने के बाद उसकी अवधि के बीच बैंक गारंटी की शर्तों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे उद्योगों की वित्तीय योजना प्रभावित होती है।



बैठक के दौरान प्लांट की ओर से उपस्थित बीके बेहेरा, सीजीएम मैकेनिकल और इंचार्ज ने सभी बिंदुओं को सुनते हुए स्वीकार किया कि हाल के समय में कुछ विभागीय प्रक्रियाओं के कारण कार्य आवंटन में विलंब हुआ था, लेकिन अब वे बाधाएं समाप्त हो चुकी हैं और कार्य आवंटन की प्रक्रिया पुनः सुचारू रूप से प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि आने वाले वर्ष में एमएसएमई इकाइयों को पिछले वर्ष की तुलना में अधिक कार्य प्रदान किए जाएंगे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में लगभग 25 लाख रुपये का अतिरिक्त कार्य पहले ही दिया जा चुका है, और भविष्य में इस राशि को और बढ़ाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। यह आश्वासन एमएसएमई प्रतिनिधियों के लिए उत्साहजनक रहा। टेंडर प्रक्रिया के संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि टेंडर अवधि के दौरान बैंक गारंटी की शर्तों में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा, जिससे उद्योगों को स्थिरता और भरोसा मिल सके।

बैठक में प्लांट की ओर से उत्पल दत्ता सीजीएम शॉप्स, राजीव सोनटेक, उदय तिवारी भी उपस्थित थे। वहीं एमएसएमई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वरिष्ठ उद्योगपति हरविंदर सिंह खुराना, व्यास प्रसाद देशराज और आरके सिंह ने किया।

# आधी रात पुजारी से झपटमारी, बाइक सवार मोबाइल, एटीएम कार्ड लेकर हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नागपुर से अपनी एक्टिवा से दुर्ग पहुंचे पुजारी के साथ देर रात झपटमारी की घटना होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। आरोपी पुजारी से दो मोबाइल व एटीएम लेकर फरार हो गए। अंजोरा

- **अंजोरा पुलिस चौकी क्षेत्र की है घटना**

पुलिस ने बताया नागपुर स्थित गुलमोहर नगर निवासी पूजारी प्रशांत पांडे 16 अप्रैल की शाम अपनी एक्टिवा से नागपुर से अम्लेश्वर के लिए निकले थे। रात 1:30 बजे जब वह रसमड़ा के पास हाईवे पर स्थित होटल के सामने पहुंचा। पुजारी को लघुशंका के लिए रुकना पड़ा। उसने अपनी वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया। मोबाइल फोन शर्ट की जेब में रखकर थोड़ी दूर निकल गया। तभी भिलाई की



ओर से बाइक में सवार तीन युवक पहुंचे। उनमें से दो नीचे उतरे और बात करने लगे। एक युवक ने उससे ढाबे का रास्ता पूछा, तभी अचानक दूसरे युवक ने उसकी शर्ट की जेब में रखे दोनों मोबाइल फोन और पीएनबी बैंक का एटीएम कार्ड झपट लिया। तीनों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया और बाइक से फरार हो गए। पुजारी के मुताबिक अंधेरा ज्यादा होने की वजह से बाइक का नंबर नहीं देख पाया। आरोपियों में एक युवक दुबला-पतला था, शर्ट और दूसरा टी-शर्ट में था। तीसरे युवक का हुलिया पुजारी नहीं देख सका। घटना के बाद वह आगे जाकर बघेरा स्थित एक पेट्रोल पंप पर रुका और वहां के मैनेजर को पूरी घटना की जानकारी दी। मैनेजर के मोबाइल से उसने अपने भाई को फोन कर आपबीती बताई। परिजनों की सलाह के बाद पुलिस चौकी में शिकायत किया। चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। खोजबीन किया जा रहा है। सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

### फुटेज में कुछ युवक भी दिखे

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों को खंगाला शुरु कर दिया। लेकिन अब तक कुछ खास जानकारी पुलिस के हाथ नहीं लग पाई है।फुटेज में कुछ युवकों का फुटेज मिला है। जिसे शिनाख्त किया जा रहा है। पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन और डायल-112 भी जगह-जगह तैनात रहती है। रात में ऐसी वारदात सुरक्षा को लेकर सवाल खड़ा कर रहा है।

**खबर संक्षेप**



### चिकित्सा अध्ययन के लिए एम्स रायपुर को समर्पित मृत शरीर

**भिलाई।** भेलवा तालाब कोहका निवासी सुशील देशमुख के मरणोपरांत देहदान किया गया। उनका पार्थिव शरीर चिकित्सा अध्ययन के लिए एम्स रायपुर को समर्पित किया गया, जिससे भविष्य के चिकित्सकों के प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। स्व. सुशील देशमुख ने अपनी पत्नी सावित्री देशमुख के साथ देहदान का संकल्प लिया था। गत वर्ष उन्होंने प्रनाम संस्था के अध्यक्ष पवन केसवानी के माध्यम से देहदान की विधिवत वसीयत जारी की थी। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिजनों ने प्रनाम संस्था को अवगत कराया, जिसके बाद संस्था के सहयोग से पूरे सम्मान और गरिमा के साथ देहदान की प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। इस पुनीत कार्य में परिवार के सदस्यों राकेश, विनय, कमलाबाई, सावित्री आदि ने सहभागिता निभाई। इस दौरान मनीष देशमुख भगत, राम सोनी, डोमेन देशमुख, राजू अमृत, करणवीर, मेहुल देशमुख, मयंक देशमुख, पल्लवी देशमुख उपस्थित थे।

### कांग्रेस के आरटीआई विभाग के अध्यक्ष बने राहुल



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस संगठन को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार एवं मलकीत सिंह गैदू की अनुमति से, प्रदेश कांग्रेस आरटीआई विभाग के अध्यक्ष नितिन सिन्हा तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक अरुण वोरा की अनुशंसा पर राहुल अग्रवाल को दुर्ग शहर कांग्रेस आरटीआई विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राहुल अग्रवाल लंबे समय से कांग्रेस के सक्रिय एवं निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ अग्रवाल संघ, दुर्ग में महामंत्री के पद पर भी पदस्थ हैं। उनकी मजबूत संगठन क्षमता, कार्यशैली और पार्टी के प्रति समर्पण के चलते उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी नियुक्ति पर पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा, फतेह सिंह भाटिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, कांशीराम रात्रे, शंकर ठाकुर, विवेक मिश्रा, सुधीर चंदेल, विकास सापेकर, संजय श्रीवास्तव, मुकेश तिवारी आदि ने खुशी जताई है।

# समर स्पेशल ट्रेन 23 अप्रैल से होगी शुरू, मिलेगी 18 कोच की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

इस ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर चांपा, रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है। ट्रेन 08745 दुर्ग-शालीमार समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 22 अप्रैल बुधवार को 21.45 बजे रवाना होगी। रायपुर आगमन 22.25 बजे, प्रस्थान 22.30 बजे, भाटापारा आगमन 23.20 बजे, प्रस्थान 23.22 बजे दूसरे दिन बिलासपुर आगमन 00.35 बजे, प्रस्थान 00.45 बजे, चांपा आगमन 01.35 बजे, प्रस्थान 01.37 बजे, रायगढ़ आगमन 02.32 बजे, प्रस्थान 02.34 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 04.08 बजे, प्रस्थान 04.10 बजे, राउरकेला आगमन 5.40 बजे, प्रस्थान 05.50 बजे, चक्रधरपुर आगमन 07.38 बजे, प्रस्थान 07.40 बजे, टाटानगर आगमन 08.00 बजे, प्रस्थान 08.10 बजे, खड़गपुर आगमन 11.40 बजे, प्रस्थान 11.45 बजे, सांतरागाछी आगमन 13.13 बजे, प्रस्थान 13.15 बजे होते हुये 13.45 बजे शालीमार स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन 08746 शालीमार-दुर्ग समर स्पेशल ट्रेन शालीमार से 23 अप्रैल 2026 गुरुवार को 17.45 बजे रवाना होगी। संतारागाछी आगमन 18.13 बजे, प्रस्थान 18.15 बजे, खड़गपुर आगमन 19.35 बजे, प्रस्थान 19.40 बजे, टाटानगर आगमन 21.55 बजे, प्रस्थान 22.00 बजे, चक्रधरपुर आगमन 22.53 बजे, प्रस्थान 22.55 बजे दूसरे दिन राउरकेला आगमन 00.20 बजे, प्रस्थान 00.30 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 2.40 बजे, प्रस्थान 02.42 बजे, रायगढ़ आगमन 03.51 बजे, प्रस्थान 03.53 बजे, चांपा आगमन 05.15 बजे, प्रस्थान 05.17 बजे, बिलासपुर आगमन 07.25 बजे, प्रस्थान 07.35 बजे, भाटापारा आगमन 08.14 बजे, प्रस्थान 08.16 बजे, रायपुर आगमन 09.20 बजे, प्रस्थान 09.25 बजे होते हुये 11.15 बजे दुर्ग स्टेशन बजे पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेनों में 2 एसएलआरडी, 4 जनरल, 10 स्लीपर, 2 एसी-थर्ड, समेत कुल 18 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## स्पेशल ट्रेन की सुविधा : यात्रियों को मिलेगी आरामदायक यात्रा



ग्रीष्मकाल के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए, उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दुर्ग-शालीमार-दुर्ग के मध्य 1-1 फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। ट्रेन 08745 दुर्ग-शालीमार समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 22 अप्रैल को चलेगी। ट्रेन 08746 शालीमार-दुर्ग समर स्पेशल ट्रेन शालीमार से 23 अप्रैल को चलेगी।

### गर्मी के सीजन में नो रूम के चलते लिया रेलवे बोर्ड ने फैसला

गर्मी के सीजन में शादी-विवाह व स्कूल की छुट्टियों के चलते लोग अधिक आना-जाना करते है। इससे अधिक मात्रा में टिकट की बुकिंग होती है। इसके चलते ट्रेनों में वेटिंग यहां तक कि नो रूम की समस्या होती है। लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी ना हो। इसे देखते हुए रेलवे द्वारा हर साल ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया जाता है। इस बार भी रेलवे बोर्ड अगल-अलग रूट में कई स्पेशल ट्रेन चला रहा है। लोगों को इसकी जानकारी मिले इसके लिए उनके द्वारा मीडिया में भी जानकारी दी जाती है। रेलवे बोर्ड ने लोगों से अपील की है कि स्पेशल ट्रेन का लाभ उठाएं। जिससे उनकों आने-जाने में किसी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

## सैकड़ों साल पुरानी बस्ती पर संकट, जलग्रहण क्षेत्र और खेती पर भी खतरा

# खनन सर्वे पर भड़का ग्रामीणों का आक्रोश, उजड़ने के डर से सहमे लोग

## ग्राम सभा की अनुमति और आमजन की सहमति के बिना ही सर्वे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमधा

धमधा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत दानी कोकड़ी में प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार उग्र होता जा रहा है। यह मामला अब केवल खनन सर्वे के विरोध तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि गांव के अस्तित्व, पर्यावरण संतुलन और ग्रामीणों के भविष्य का गंभीर मुद्दा बन चुका है।

गांव में प्रस्तावित खदान के लिए निजी कंपनी मेसर्स इकोमेन माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा प्रक्रिया ग्राम सभा की अनुमति और आमजन की सहमति के बिना ही शुरू कर दी गई, जो कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें इस संबंध में न तो पहले कोई जानकारी दी गई और न ही उनकी राय ली गई। ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित खदान क्षेत्र के भीतर लगभग 58.779 हेक्टेयर का महत्वपूर्ण जलग्रहण क्षेत्र आता है, जो पूरे गांव की जल व्यवस्था और खेती का मुख्य आधार है। यदि इस क्षेत्र में खनन शुरू होता है, तो भूमिगत जल स्तर में गिरावट, जल स्रोतों के सूखने और खेती की उत्पादकता पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका है। इससे न केवल वर्तमान पीढ़ी बल्कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन भी प्रभावित होगा। गांव के बुजुर्गों और किसानों का कहना है कि दानी कोकड़ी केवल एक गांव नहीं, बल्कि सैकड़ों वर्षों की परंपरा, संस्कृति और सामाजिक ताने-बाने का प्रतीक है। यहां के खेत-खलिहान, घर और धार्मिक स्थल ग्रामीणों की पहचान से जुड़े हुए हैं। खनन कार्य शुरू होने की स्थिति में यह पूरी बसाहट उजड़ सकती है, जिससे लोगों को विस्थापन का सामना करना पड़ेगा।



### आरोप : नहीं हो रही सुनवाई

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने इस मुद्दे को लेकर कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपे, अधिकारियों से मुलाकात की और लिखित शिकायतें भी दर्ज कराईं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। इस चुप्पी को लेकर गांव में असंतोष और अविश्वास का माहौल बन गया है। स्थिति अब इतनी संवेदनशील हो चुकी है कि गांव में लगातार बैठकें और चर्चाएं हो रही हैं। ग्रामीण एकजुट होकर इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं और किसी भी कीमत पर अपनी जमीन और गांव को बचाने की बात कह रहे हैं।

### कलेक्टर से राज्यपाल तक गुहार, फिर भी नहीं मिला जवाब

प्रशासन की ओर से इस गंभीर मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों की लगातार शिकायतों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कलेक्टर से लेकर राज्यपाल तक कई बार आवेदन और ज्ञापन सौंपे, लेकिन आज तक किसी भी स्तर से कोई जवाब नहीं मिला। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रशासन इस पूरे मामले में उदासीन बना हुआ है। लगातार अनसुनी की जा रही आवाजों के चलते ग्रामीणों में भारी नाराजगी और आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि अगर उनकी मांगों को जल्द नहीं सुना गया, तो आंदोलन और भी उग्र रूप ले सकता है।

### परियोजना पूरी तरह से ग्रामीणों के हितों के खिलाफ

दानी कोकड़ी में प्रस्तावित खनन परियोजना पूरी तरह से ग्रामीणों के हितों के खिलाफ है। बिना ग्राम सभा की अनुमति और आम जनता की सहमति के इस तरह सर्वे कराना लोकतांत्रिक व्यवस्था का सीधा उल्लंघन है। यह सिर्फ जमीन का मुद्दा नहीं, बल्कि हमारे गांव की पहचान, संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का सवाल है। यदि प्रशासन ने जल्द इस पर रोक नहीं लगाई, तो हम ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। **-ईश्वरी निर्मलकर,** पूर्व जनपद सदस्य

### तेज करेंगे जनआंदोलन

ग्राम पंचायत दानीकोकड़ी के लोगों की स्पष्ट मांग है कि बिना सहमति कोई भी खनन कार्य नहीं किया जाए। ग्रामीणों ने कलेक्टर से लेकर राज्यपाल तक कई बार आवेदन दिया, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि प्रशासन हमारी आवाज नहीं सुनेगा, तो हम कानूनी लड़ाई के साथ-साथ जनआंदोलन भी तेज करेंगे। गांव, जमीन और जल स्रोतों की रक्षा के लिए हम अंत तक संघर्ष करेंगे। **-संजय निर्मलकर,** सरपंच ग्रापं. दानीकोकड़ी

### सर्वे पर रोक लगाएं नहीं तो आंदोलन

ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही खनन सर्वे पर रोक नहीं लगाई और उनकी सहमति के बिना आगे की प्रक्रिया बढ़ाई गई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करेंगे। साथ ही न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की भी तैयारी की जा रही है। इस विरोध प्रदर्शन और बैठक में पूर्व जनपद सदस्य ईश्वरी निर्मलकर, सरपंच संजय निर्मलकर सहित प्रहलाद यादव, भोला मानिकपुरी, छबिलाल यादव, हेमंत दास मानिकपुरी, बीरबल ठाकुर, कल्याण ठाकुर, अश्वन मांडवी, अश्वन ठाकुर, खिलावन पाल, मुकेश मंडावी, तोरण साहू, अशोक घटनागर, संतराम पाल, शिव ठाकुर सहित सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। दानी कोकड़ी में खनन को लेकर उत्पन्न यह विवाद अब केवल एक स्थानीय मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण अधिकारों और विकास बनाम विस्थापन के बीच संतुलन का बड़ा प्रश्न बनकर उभर रहा है।

## फांसी पर लटके शव की बनाई रील, एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सार्वजनिक स्थान पर आत्महत्या करने वाले युवक का शव को देख सोशल मीडिया में चलाने के लिए कुछ युवक रील बनाते रहे। लेकिन शव को देख आने जाने वालों ने भी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझी। यह घटना 12 अप्रैल रविवार को सेक्टर 4 सड़क 36 के निवासी अजय प्रजापति के शव का है। अजय ने एक पेड में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली थी। इसे देख ब्लाक कांग्रेस कमेटी तीन अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी ने गंभीरता से लेते हुए एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। उसमें बताया गया कि आजकल के युवा शव को फांसी पर लटका देख इंस्टाग्राम और फेसबुक के लिए रील बनाने में जुट गए थे। पुलिस तक को जानकारी देना जिम्मेदारी नहीं समझा गया। इस तरह के लोगों के खिलाफ पुलिस को सार्थक कदम उठाने की मांग किया। इस दौरान ब्लॉक उपाध्यक्ष ख्वाजा अहमद, आशीष यादव, पार्षद सुरेश वर्मा, हरीश सिंह,मंडल अध्यक्ष अभिषेक अवस्थी, लक्ष्मण सिंह,ब्लॉक महामंत्री धनु मिश्रा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमाकांत दिशलहरें, आदि नारायण, मेशांक मिश्रा, फतेह सिंह, देवेंद्र उइके, लोकेश, निउभ सिंह आदि मौजूद थे।

## संजय अब बिजली कंपनी के कार्यपालक निदेशक



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल को कार्यपालक निदेशक (दुर्ग क्षेत्र) के पद पर पदोन्नत किया गया है। खंडेलवाल अब कार्यपालक निदेशक के रूप में अपनी सेवाएँ देंगे। श्री खंडेलवाल सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र में मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। पदोन्नति के पश्चात भी वे दुर्ग में ही इस नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) द्वारा तत्काल प्रभाव से जारी इस आदेश का दुर्ग क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर्षोल्लास है। श्री खंडेलवाल के व्यापक तकनीकी अनुभव के कारण दुर्ग रीजन की विद्युत वितरण व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं उपभोक्ता अनुकूल बनेगी।

## अग्निकांड में बचाव कार्य करने वाले फायर और होमगार्ड का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



अपनी जान जोखिम में डालकर संपत्ति को बचाने वाले फायर व होम गार्ड कर्मियों को उनके बेहतर काम के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल ने प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया है। जिसमें जिला सेनानी, जिला अग्निशमन अधिकारीनागेंद्र कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक संतोष पाण्डेय, सहायक फायर प्रभारी एफ. प्रवीण बारा,वाहन चालक धनसुख यादव, फायरमैन संतोष मडकिया, उमाशंकर, कुलदीप सिंह, पप्पा भारद्वाज, घनश्याम यादव, राजूलाल, टीकेश्वर, कमलेश, नितिन रामटेके, रमेश कुमार, हरीश कुमार, कन्हैया यादव शामिल है। इन लोगों ने 29 मार्च की रात मार्केट क्षेत्र में स्थित जूते-चप्पल की दुकान में भीषण आग लगने की सूचना पर तुरंत पहुंचे। टीम ने अपनी चतुराई दिखाकर अतिरिक्त फायर टेंडर, संसाधनों के साथ आग बुझाने की कार्रवाई किया। घटना के दौरान जिला सेनानी, जिला अग्निशमन अधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित रहकर संपूर्ण राहत, बचाव कार्य का नेतृत्व किया गया।

## गर्मी को देखते हुए सलाह देने विशेष दस्ता गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिक निगम क्षेत्र में वर्तमान में बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए जन-स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु विशेष सतर्कता बरती जा रही है। आयुक्त के निर्देशानुसार, निगम द्वारा गठित विशेष दस्ता और जिला मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम द्वारा निरंतर वार्डों में भ्रमण कर नागरिकों को लू से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं।

जोन-02 वैशाली नगर के वार्ड-25, जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड स्थित प्रधानमंत्री आवासीय कॉलोनी में सघन सर्वेलेंस और सर्वेक्षण कार्य किया गया। अब तक 400 से अधिक घरों में संपर्क किया गया है। इस दौरान टीम ने घर-घर जाकर नागरिकों को गर्मी से बचाव हेतु स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की और जागरूकता पाम्पलेट वितरित किए। नागरिकों के लिए आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया है। सर्वेक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने नागरिकों को कई सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। दोपहर के समय जब तक बहुत अनिवार्य न हो, घर से बाहर न निकलें। धूप में निकलते समय सिर और कानों को कपड़े से ढंककर रखें। पानी का अधिक से अधिक सेवन करें। आहार में पानी से भरपूर फल जैसे खरबूजा, खीरा और ककड़ी को शामिल करें। शरीर में पानी की कमी को रोकने के लिए नींबू पानी, शिकंजी, लस्सी, और छाछ जैसे तरल पदार्थों का नियमित सेवन करें।




## जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष सरस्वती बंजारे रहीं मौजूद

# मुक्तिधाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन, वर्षों पुरानी मांग पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामुल

दुर्ग जिले के विकासखंड धमधा के ग्राम पंचायत ढौर खेरधी में मुक्तिधाम के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे उपस्थित रहीं। गौरतलब है कि ग्राम में लंबे समय से मुक्तिधाम की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हो गई है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बंजारे को उपस्थित ग्रामीणों एवं मजदूर भाई-बहनों ने (मनरेगा) व्ही बी जी राम जी, योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि जहां पहले 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इसे बढ़ाकर 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया गया है। जहां-जहां योजना के तहत कार्य चल रहा है, वहां श्रमिकों से मिलकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कार्यरत श्रमिकों के लिए चाय-नाश्ते की भी व्यवस्था की गई।

इस पर अवसर मुख्य रुप से भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमन साहू , ओटबंद सरपंच प्रतिनिधि बुधराम साहू , भाजपा मंडल महामंत्री भोजराज साहू , ओंकार निषाद आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं से कराया अवगत

इस दौरान गांववासियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बंजारे को अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम भी जाना गया।

### सरकार का संकल्प हर हाथ में काम

श्रीमती बंजारे ने अपने उद्बोधन में उपस्थित लोगों से कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं गांव, गरीब और मजदूर वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। सरकार का संकल्प है कि हर गांव में आधारभूत सुविधाओं का विकास हो और हर हाथ को काम मिले, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त हो सके।






### पार्षद की शिकायत के बाद भी भिलाई निगम अवैध प्लाटिंग को लेकर नहीं दे रहा ध्यान

# अवैध प्लाटिंग : विधायक ने विस में उठाया सवाल, पार्षद ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। इसमें नेता से लेकर जमीन दलाल सभी की मिली भगत है। इस खेल को रोकने के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा में सवाल उठाया था। अभी हाल में शांतिनगर के कांग्रेस पार्षद अभिषेक मिश्रा ने कलेक्टर से दो बार लिखित शिकायत की, लेकिन निगम व राजस्व के अधिकारी इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

भिलाई नगर निगम के वार्ड 14 शांति नगर के पार्षद अभिषेक मिश्रा ने अवैध प्लाटिंग को लेकर कलेक्टर दुर्ग को जनदर्शन के जरिए 25 मार्च 2026 को एक शिकायत पत्र दिया था। इसके बाद भी जब इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने फिर से कलेक्टर जनदर्शन में जाकर 15 अप्रैल 2026 एक रिमाइंडर पत्र दिया। अपनी शिकायत में उन्होंने लिखा कि शांति नगर क्षेत्र अंतर्गत कृपाल नगर में अमर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड दुर्ग के द्वारा खसरा क्रमांक 6810/5, 6810/6, 6810/7, 6810/8, 6810/9, 6810/10 व 6810/11 अवैध रूप से जमीन को छोटे छोटे भूखंडों में काटकर बेंचा जा रहा है। अमर इंफ्रास्ट्रक्चर के संचालक नरेंद्र राठी जमीन को अवैध रूप से बिना नियम के बिना टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट से अनुमति लिए बेच रहे हैं।

उन्होंने कलेक्टर से कहा कि इस पर जल्द कार्रवाई करके अवैध प्लाटिंग को रोका जाए। इससे जुड़े खसरा को बैन किया जाए। ऐसा न करने से आम लोग अवैध प्लाटिंग बेचने वालों के भ्रम में पड़कर अपनी मेहनत की कमाई को उसमें लगाकर फंस रहे हैं।



## विधायक ने विधानसभा में उठाया था मुद्दा

अभिषेक मिश्रा ने जिस जगह पर अवैध प्लॉटिंग की शिकायत की है वो वैशाली नगर विधानसभा में आता है। यहां के विधायक रिकेश सेन खुद अवैध प्लाटिंग का मुद्दा विधानसभा में उठा चुके हैं और ऐसा करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर चुके हैं।

## कलेक्टर के कड़ी कार्रवाई के हैं निर्देश

दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह खुद अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले ही राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आदेश दिया था कि वो अवैध प्लाटिंग करने वालों की एक लिस्ट तैयार करें और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई करें। कलेक्टर ने सभी निगम आयुक्त को भी अवैध प्लाटिंग पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है, लेकिन भिलाई निगम में इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## कुरुद में अवैध प्लाटिंग



ढांचा भवन में नकटा तालाब के नीचे अक्षर धाम कॉलोनी से लगी कई एकड़ जमीन में भू-माफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जा रही है। उनके द्वारा जमीन को मुरूम व डस्ट से पाटा जा रहा है। इसके साथ ही इसी कॉलोनी से लगे पीछे के भाग में कई एकड़ के खेत को पाटकर अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जा रही है। भूमाफिया ने यहां दबंगई दिखाते हुए पारस जैन की बाउंड्रीवाल को तोड़कर अपना गेट लगा लिया है। इसकी शिकायत जामुल थाने और निगम में की गई लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## कोहका में अवैध प्लाटिंग



कोहका में समीर परवेज खान नाम के व्यक्ति की काफी बड़ी जमीन है। भूमाफिया इस जमीन का सौदा करके इसे छोटे-छोटे भूखंडों में बेच रहे हैं। बकायदा इसकी प्लाटिंग के लिए जगह-जगह प्रचार भी किया जा रहा है। इसके बाद भी भिलाई नगर निगम के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस जमीन को छोटे-छोटे टुकड़ों में बेचने वाले के खिलाफ जामुल थाने में पहले भी एफआईआर हो चुकी है।

# 5 करोड़ की लंबित ग्रेच्युटी जीपीएफ, एनपीएस और अवकाश नगदीकरण की राशि हुई जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा अधिकारी और कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए लंबित जीपीएफ और एनपीएस की राशि का भुगतान कर दिया गया है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशन में मई 2025 से फरवरी 2026 तक के 10 माह की राशि, लगभग 2 करोड़ 26 लाख रुपए संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के खातों में अंतरित की गई। साथ ही लगभग 1.5 करोड़ रुपए की ग्रेच्युटी राशि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के खातों में जमा की गई है, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिली है।

अवकाश नगदीकरण के संबंध में भी आयुक्त द्वारा तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के खाते में 66.50 लाख जमा कर दिया गया तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित प्रथम व द्वितीय वर्ग के अधिकारियों के अवकाश नगदीकरण की राशि सोमवार को उनके खातों में जमा कर दी जाएगी।

- दुर्ग निगम के अधिकारी और कर्मचारियों में खुशियों की लहर
- 2.26 करोड़ राशि खातों में अंतरित, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मिला लाभ
- आयुक्त द्वारा तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के खाते में जमा किया गया 66.50 लाख रुपए

स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, योगेंद्र वर्मा सहित समस्त अधिकारी और कर्मचारियों ने आयुक्त सुमित अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# भिलाई टाउनशिप में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था पर मजदूर संघ सख्त, प्रबंधन को दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ यूनियन की बैठक महामंत्री चन्ना केशवलू की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें टाउनशिप नगर सेवाएं विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि टाउनशिप की समस्याएं अब लगातार बढ़ती जा रही हैं और आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बन चुकी हैं। ऐसे में यूनियन जल्द ही टाउनशिप महाप्रबंधक से मुलाकात कर इन सभी मुद्दों पर



ठोस कार्रवाई की मांग करेगी। यूनियन ने जिन प्रमुख समस्याओं को उठाया है, उनमें आवास आवंटन की धीमी प्रक्रिया, पुराने क्वार्टरों में खराब विद्युत व्यवस्था, आवासीय इलाकों में अवैध खटाल और आवारा पशुओं से बढ़ती दुर्घटनाएं शामिल हैं। इसके अलावा फॉरेस्ट एवेन्यू और गैरेज रोड को वन-वे करने, मानसून से पहले छतों की मरम्मत, अवैध कब्जों पर कार्रवाई और बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।पेयजल संकट को लेकर भी यूनियन ने चेताया है कि भीषण गर्मी में दिन में दो बार पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए। वहीं, गंदे नालों, बैकलेन की सफाई, गटर ढक्कन और पाइपलाइन की खराब स्थिति को लेकर भी गंभीर चिंता जताई गई। यूनियन ने यह भी आरोप लगाया कि कई स्कूलों और सामाजिक भवनों द्वारा मैदानों पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिसे तत्काल हटाया जाना चाहिए। बैठक के अंत में यूनियन ने साफ चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो कर्मचारियों और नागरिकों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। बैठक मेंसंघ के उपाध्यक्ष डिल्ली राव, जगजीत सिंह, संयुक्त महामन्त्री प्रदीप कुमार पाल, जोगेंद्र कुमार, भूपेन्द्र बंजारे, सचिव संतोष कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।






लक्ष्मी जी की कृपा प्राप्त होती है
धन और समृद्धि में वृद्धि होती है
निवेश में लाभ मिलता है
कार्यों में सफलता मिलती है
सकारात्मक ऊर्जा मिलती है
नया काम शुभ रहता है
पुण्य फल अक्षय रहता है
सुख-शांति बढ़ती है

## सुख-समृद्धि का
# महापर्व
### जानें तिथि, शुभ मुहूर्त और महत्व

अक्षय तृतीया को खरीदारी के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है। इस दिन सोना, चांदी, संपत्ति या अन्य मूल्यवान वस्तुएं खरीदने से घर में लक्ष्मी का स्थायी वास होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस दिन बिना विशेष मुहूर्त के भी खरीदारी करना शुभ होता है, लेकिन कुछ खास समय और नियमों का पालन करने से लाभ कई गुना बढ़ सकता है।

अक्षय तृतीया वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। "अक्षय" शब्द का अर्थ होता है–जो कभी क्षय न हो, अर्थात जिसका फल अनंत और स्थायी हो। यही कारण है कि इस दिन किए गए पुण्य कार्य, निवेश या शुभ शुरुआत जीवनभर सकारात्मक परिणाम देते हैं।

**तिथि और शुभ समय (2026):**

**तृतीया तिथि प्रारंभः** 19 अप्रैल 2026, सुबह लगभग 04:23 बजे

**तृतीया तिथि समाप्तः** 20 अप्रैल 2026, सुबह लगभग 02:15 बजे

**शुभ मुहूर्तः**

प्रातः कालः सुबह 05:45 बजे से 09:15 बजे तक, अभिजीत मुहूर्तः दोपहर 11:50 बजे से 12:40 बजे तक, संध्या समयः शाम 04:30 बजे से 07:30 बजे तक

**हालांकि, अक्षय तृतीया को "सर्वसिद्ध मुहूर्त" माना जाता है, इसलिए पूरे दिन शुभ कार्य किए जा सकते हैं।**

**धार्मिक और पौराणिक महत्वः**

अक्षय तृतीया से कई महत्वपूर्ण पौराणिक घटनाएं जुड़ी हुई हैं–
भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का जन्म इसी दिन हुआ था
माता गंगा का पृथ्वी पर अवतरण इसी तिथि से जुड़ा माना जाता है, महाभारत ग्रंथ की रचना की शुरुआत भी इसी दिन हुई थी
भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा को इसी दिन अक्षय धन का आशीर्वाद दिया था। इन सभी कारणों से यह दिन अत्यंत पुण्यदायी और शुभ माना जाता है।

**पूजा विधि और उपायः** अक्षय तृतीया के दिन सुबह स्नान करके स्वच्छ वस्त्र पहनें और पूजा स्थल को साफ करें।
भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें
धूप, दीप, फूल, फल और तुलसी अर्पित करें
"ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" मंत्र का जप करें
लक्ष्मी जी को पीले पुष्प और मिठाई अर्पित करें

**विशेष दानः**

जौ, सत्तू, चावल, ठंडा जल, घड़ा, पंखा
वस्त्र और अन्न, दान करने से कई गुना पुण्य फल प्राप्त होता है और जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ती है।

**खरीदारी और निवेश का महत्वः**

अक्षय तृतीया को खरीदारी के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।
सोना-चांदी खरीदना सबसे अधिक लाभकारी
प्रॉपर्टी, वाहन और नया व्यवसाय शुरू करना शुभ
इलेक्ट्रॉनिक्स या मूल्यवान वस्तुओं की खरीद भी फलदायी
मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुएं और किया गया निवेश लगातार बढ़ता रहता है और कभी कम नहीं होता।

**क्या करें और क्या न करें:**

**क्या करें:**
पूजा और दान जरूर करें
नए कार्य या निवेश की शुरुआत करें
जरूरतमंदों की सहायता करें

**क्या न करें:**
झगड़ा या नकारात्मक सोच से दूर रहें
उधार लेकर खरीदारी करने से बचें
किसी का अपमान न करें

अक्षय तृतीया केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन में नई शुरुआत, समृद्धि और सकारात्मकता का प्रतीक है। इस दिन किए गए छोटे-छोटे शुभ कार्य भी बड़े फल देते हैं। यदि श्रद्धा और सही विधि से पूजा, दान और निवेश किया जाए, तो यह पर्व जीवन में सुख-शांति, धन-धान्य और सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। इस प्रकार अक्षय तृतीया हर व्यक्ति के लिए अपने जीवन को बेहतर बनाने और समृद्धि की ओर बढ़ने का एक सुनहरा अवसर है।

New अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं....
RASM Rooftop Restaurant
HOTEL SHIV PRABHA INN
HOTEL APANA KESHARI LODGE
TOWN KING The Family Restaurant & Banquet
Ranjan Gupta Director
शादी पार्टी के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
SPECIAL OFFER FOR : BANQUET HALL BOOKING KITTY PARTY, BIRTHDAY, MARRIAGE ENGAGEMENT, MEETING, ETC.
47-C, MARKET, NEAR SAPNA TALKIES, NANDINI ROAD, POWER HOUSE, BHILAI-DURG,
MOB. : 9893215251, 8966981590

शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
पं.एम.पी. शर्मा
माँ दुर्गा बगुलामुखी उपासक
फीस 251/-
माँ कामख्या बगुलामुखी उपासक विगत चालिस वर्षों से स्थाई तौर पर उपस्थित माँ कामख्या बगुलामुखी की असीम कृपा साधना द्वारा ज्योतिष शास्त्र सम्बन्धित कम्प्यूटर द्वारा जन्मकुण्डली देखते एवं बनाते है। ग्रहों की महादशाओं के शुभ-अशुभ परिणाम आते है। आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक, शारीरिक, व्यापार संबंधी कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, गृहकलेश, विवाह में बाधा पिशाच दोष, गुप्त शत्रु बाधा, ग्रहण दोष आदि सभी समस्या हेतु पूजा अनुष्ठान बगुलामुखी साधना द्वारा सर्व समस्या हेतु सम्पर्क करें।
विशेष - भक्रमण उच्चाटन, आकर्षण, मस्तिष्क दमन इन बाधाओं से पीड़ित है बगुलामुखी साधना द्वारा समाधान किया जाता है।
समय - सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शाम 04 बजे से 07 बजे तक
पता : श्री दुर्गा माँ बगुलामुखी ज्योतिष कार्यालय, धमधा नाका चौक, सुर्या होटल के सामने, दुर्ग (छ.ग.) मो.:8109922001

जय जय परशुराम
भगवान विष्णु के छठवें अवतार हमारे पूर्वज
भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं
अक्षय तृतीया पर्व की मंगलकामनाये
देवेश मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष
आकाश दुबे प्रदेश महासचिव
वरुणेश्वर पाण्डेय प्रदेश सचिव
अतुल नंद शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष

अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
12 माह (11+1)
मासिक बचत योजना
प्रिया 11+1 योजना
के जरिये बचत कीजिए और खरीदिये मनपसंद गहने
*Terms & condition apply
बचत योजना के लाभ :
* अन्य बचत योजनाओं की अपेक्षा ज्यादा रिटर्न।
* किश्तों पर मनपसंद गहने खरीदने की आजादी।
* आकस्मिक आवश्यकता पर योजना के अंतर्गत आपके जमा रुपये बिना बोनस के वापसी की सुविधा (कभी भी)।

| समयावधि | 11 माह | 11 माह | 11 माह | 11 माह | 11 माह |
|---|---|---|---|---|---|
| मासिक किश्त | 500 | 1,000 | 2,000 | 5,000 | 10,000 |
| कुल जमा राशि | 5,500 | 11,000 | 22,000 | 55,000 | 1,10,000 |
| बोनस लाभ | 500 | 1,000 | 2,000 | 5,000 | 10,000 |
| कुल राशि | 6,000 | 12,000 | 24,000 | 60,000 | 1,20,000 |

प्रिया 11+1 योजना के अंतर्गत आप पाएंगे अपनी कुल जमा राशि से ज्यादा, तो फिर देर किस बात की,
आज से ही योजना का लाभ लेवें...
स्वर्ण, चाँदी एवं रत्न के आभूषण का अनुभव संग्रह
एक ग्राम सोने से बने आकर्षक जेवर उपलब्ध
उचित ब्याज पर गोल्ड लोन की सुविधा
RAJKUMAR SONI
Hallmark Jewellery
प्रिया ज्वेलर्स
चूड़ी लाईन, सुपेला, भिलाई
मो. : 89820-60001, 91111-99946
संबंधित प्रतिष्ठानः सन्नी ज्वेलर्स नेहरू भवन रोड, सड़क नं.-20, भावना टेलर्स के बाजू में, सुपेला-भिलाई। मो. 9685225235

गुरुदेव इंटरप्राइजेस
शुभ विवाह के लिए विशेष पैकेज 21, 31, 41 एवं 51 हजार में उपलब्ध
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रानिक्स एवं फर्नीचर की विशाल रेंज उपलब्ध
Godrej Haier LG Panasonic SAMSUNG SONY VOLTAS A TATA Enterprise Whirlpool
स्पेशल शादी सीजन ऑफर
शादी के सम्पूर्ण सामान पर भारी छूट
फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक्स कम से कम डाउन पेमेंट पर
आधार कार्ड + पैन कार्ड पर तुरंत फाइनेंस
मनपसंद सामान आज ही घर ले जाएं
बेड, सोफा, अलमारी, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन पर विशेष डिस्काउंट
कम EMI में बड़ा सामान
लिमिटेड समय के लिए ऑफर
फायनेंस सुविधा उपलब्ध BAJAJ FINSERV IDFC FIRST Bank
मुक्ता पेट्रोल पंप के बाजू में, पाटन रोड डुमरडीह, उतई
Mob. : 7745998666, 9826616297

अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रो. जयंत ताम्रकार
जयंत फर्नीचर
इंटरप्राइजेस एंड मोबाईल
हमारे यहां सभी सामान में सभी प्रकार के फायनेंस सुविधा 0% डाउनपेमेंट में उपलब्ध है
79875-99562
शादी विवाह के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
BAJAJ FINSERV SAMSUNG Finance+ HOME CREDIT HDB FINANCIAL SERVICES HDFC BANK We understand your world Mahindra FINANCE IDFC FIRST Bank
इंदिरा मार्केट पार्किंग के पास, अग्रवाल मिष्ठान भंडार के आगे, दुर्ग
न्यू ब्रांच : नवाब प्लाजा, मान होटल चौक, इंदिरा मार्केट, दुर्ग

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026





## खबर संक्षेप



### जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग में जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल की अध्यक्षता में डाटा सेंटर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नोडल अधिकारी, प्रभारी अधिकारी जनगणना एवं चार्ज अधिकारियों की उपस्थिति में जनगणना कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि नागरिकों की सुविधा हेतु स्व-गणना की व्यवस्था आधिकारिक पोर्टल पर 16 से 30 अप्रैल तक उपलब्ध है। इसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनेगी। आयुक्त सह प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी श्री अग्रवाल ने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वार्डवार घर-घर जाकर नंबरिंग सुनिश्चित करें और ध्यान रखें कि कोई भी घर छूटने न पाए। आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। निगम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्व गणना करने हेतु आदेशित किए। आयुक्त ने डाटा सेंटर में कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रगणकों को जनगणना किट, निर्देश पुस्तिका एवं आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में उपायुक्त मोहेंद्र साहू सहित गिरीश दीवान, संजय ठाकुर, राजेन्द्र ढबाले, आर.के. बोरकर, दुर्गेश गुप्ता, एस.के. केवलानी, हरिशंकर साहू, पंकज साहू, करण यादव, अपर्णा मिश्रा, उपयन्ति ठाकुर, प्रेरणा दुबे, सिद्धार्थ शर्मा, नारायण यादव, पंकज चन्द्रवंशी एवं गौतम साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिकोला नाला निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने अधोसंरचना मद से किए जा रहे सिकोला नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत राशि लगभग 316.62 लाख रुपए का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता पंकज साहू एवं ठेकेदार एजेंसी के प्रतिनिधि नंद कुमार चंद्राकर उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गति तेज की जाए और निर्धारित समय-सीमा में ही कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि शहरवासियों को शीघ्र बेहतर जल निकासी व्यवस्था का लाभ मिल सके।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से फील्ड में उपस्थित रहकर कार्य की निगरानी करें तथा गुणवत्ता की समय-समय पर जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से नाले के स्लोप और लेवल को सही बनाए रखने, दीवारों की मोटाई एवं सरियों के बीच की दूरी को निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने के निर्देश दिए।

## निर्धारित समय-सीमा में ही पूर्ण किया जाए कार्य : महापौर अलका बाघमार

### कार्यों की गुणवत्ता से समझौता नहीं

निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए और कार्य पूर्णतः तकनीकी मापदंडों के अनुसार ही संपन्न किया जाए। बरसात के पूर्व अधिकतम कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए उन्होंने कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया।



### पानी निकासी व्यवस्था होगी सुदृढ़

लगभग 1700 मीटर लंबाई वाले इस नाला निर्माण कार्य के पूर्ण होने से शहर की जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी और वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिलेगी। महापौर ने कहा कि यह परियोजना शहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें पारदर्शिता एवं मजबूती सुनिश्चित करना सभी संबंधितों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि पाए जाने पर तत्काल सुधार किया जाए।

## रूचि नहीं लेने पर आवास स्वीकृति की जाएगी निरस्त

# कलेक्टर ने की प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण व शुरू नहीं हो पाए कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत अधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने हितग्राहियों को निर्माण कार्य में सक्रिय रूप से प्रेरित करने कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में हितग्राहियों से सतत संपर्क बनाए रखते हुए निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त किया जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आवास निर्माण कार्यों को समय पर पूरा कर हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाए। जिन हितग्राहियों की निर्माण कार्य में रुचि नहीं है, उनकी बैठक लेकर उन्हें समझाइश दी जाए, इसके बावजूद रूचि नहीं लेने पर उनकी आवास स्वीकृति निरस्त करने की कार्यवाही करने कहा।

## हितग्राहियों को निर्माण कार्य के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित करने कहा



### लंबित कार्यों को मई तक पूरा करने के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित कार्यों को मई माह तक हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि हितग्राहियों को शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक में नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम भिलाई चरोदा आयुक्त दशरथ राजपूत, नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा सहित सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

### पूरी राशि जमा करने वालों को पजेशन देने के निर्देश

जिन हितग्राहियों ने अपने अंशदान की पूरी राशि जमा कर दी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवास का पजेशन दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक में अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और हितग्राहियों से निरंतर संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही ठेकेदारों को कार्य में तेजी लाने के लिए कहा गया।

## प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ में निलेश के सह संयोजक बनने पर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के सह संयोजक पद पर निलेश साहू की नियुक्ति की गई है। दुर्ग-भिलाई के साहू समाज द्वारा दुर्ग सर्किट हाउस में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार साहू, भीखम साहू, प्रमोद कुमार साहू, प्रदेश महामंत्री राजेश कुमार साहू, कबीर साहू, रडॉ शैलेन्द्र कुमार साहू, थानेश्वर प्रसाद साहू, चाणक्य कुमार साहू, देवेश कुमार साहू, भुनेश्वर साहू, नेमचंद्र साहू सहित धमधा क्षेत्र से पदाधिकारी बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने विश्वास व्यक्त किया कि निलेश कुमार साहू अपने दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज के हित में निरंतर कार्य करेंगे। कार्यक्रम का संचालन थगेश्वर कुमार साहू व हर्षदेव साहू ने व आभार प्रदर्शन निलेश कुमार साहू ने किया।

## विकास कार्यों के लिए 10.50 लाख की स्वीकृति

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जनहित के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए कुल 10 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक देवेंद्र यादव द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भिलाई नगर के विभिन्न वार्डों में बुनियादी सुविधाओं और सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जाएंगे। इसमें वार्ड क्रमांक 52, स्ट्रीट नंबर 3, सेक्टर 4 स्थित हनुमान मंदिर के पास सार्वजनिक चबूतरा निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 2 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार, वार्ड क्रमांक 69, सेक्टर-9 भिलाई गोल मार्केट में स्ट्रीट लाइट प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 2.50 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

## टिकेश्वरी देशमुख को मिला दाऊ मन्दराजी लोक कला अवार्ड



दुर्ग। भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा टिकेश्वरी लाल देशमुख को नाचा शैली में किए गए प्रयास एवं शैक्षणिक, साहित्यिक एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु दाऊ मन्दराजी लोक कला अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान धमतरी में छत्तीसगढ़ के साहित्यकार, कलाकार ,समाज सेवकों की विशेष उपस्थिति में प्रदान किया गया। ग़ौरतलब हो कि टिकेश्वरी लाल देशमुख लोक मंजरी भिलाई संस्था से नाट्य निर्देशन करते हुए नाचा शैली में ग़म्मत के माध्यम से सामायिक विषयों को लोगों के सामने रखा, यही नहीं बल्कि तत्कालिक मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में शिक्षा, साक्षरता अभियान, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, अंध श्रद्धा उन्मूलन, स्वास्थ्य मितानिन कार्यक्रमों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के लिए नाटकों के लेखन, निर्देशन एवं प्रदर्शन में विशेष भूमिका रही है। टिकेश्वरी लाल देशमुख को समाज सेवा क्षेत्र में भारत की आज़ादी के 50 वें वर्षगांठ पर दिल्ली में आयोजित रजत जयंती के अवसर पर देश के 100 युवाओं में वह भी सम्मलित थे जिन्हें युवा रत्न के रूप में सम्मानित किया गया था। टिकेश्वरी देशमुख को इस अलंकरण के लिए अंचल के साहित्यकार, कलाकार,पत्रकार सहित विभिन्न लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## विद्यार्थियों ने अनुभव किए ताजा, वर्तमान छात्रों को कैरियर निर्माण के लिए दिए सुझाव




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी विभाग द्वारा भूतपूर्व छात्र मिलन समारोह 2026 का आयोजन किया गया। भूतपूर्व छात्र मिलन समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि भूतपूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धि किसी भी संस्था की सशक्त पहचान होती हैं वह संस्था की शिक्षा और गुणवत्ता का प्रत्यक्ष प्रमाण होते हैं।

विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुराने विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक जीवन की यादों से फिर जोड़ना और संस्थान की उपलब्धियां को साझा करना है। यह मिलन समारोह हमें केवल अतीत की यादों में ले जाने का अवसर नहीं देता बल्कि वर्तमान को सुदृढ करन और भविष्य को दिशा देने का भी माध्यम है आज के विद्यार्थी आपसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन की दिशा तय करेंगे।

पूर्व छात्र-छात्रा मिलन समारोह में हिंदी विभाग के विद्यार्थियों में शा.महाविद्यालय खुर्सीपार की प्राचार्य डॉ .बलजीत कौर , हिंदी विभाग की सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉ कृष्णा चटर्जी, बेलौदी महाविद्यालय से डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार शासकीय गुरुर महाविद्यालय से डॉ खेमलाल रावटे, डॉ. कमल कुमार बोदले तथा दीपक कुमार सोनी, युगेश कुमार देशमुख, सौरभ कुमार, परमेश्वर सिंह, डॉ. गोकुल राम, मोरध्वज साहू आदि उपस्थित हुए । इस अवसर पर विभिन्न वर्षों के पूर्व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने पुराने अनुभवो एवं यादों को साझा किया तथा वर्तमान छात्रों को अपने कैरियर निर्माण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

उक्त कार्यक्रम में हिंदी विभाग की डॉ. ओम कुमारी देवांगन, डॉ. रमणी चंद्राकर, डॉ. शारदा सिंह, डॉ. लता गोस्वामी, शोधार्थी टेकलाल, संग्राम सिंह निराला, कपिल, बेलमती पटेल, निर्मला पटेल, लक्ष्मीन तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्र एवं अतिथि व्याख्याता डॉ . रजनीश उमरे ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ अम्बरीश त्रिपाठी ने किया।

## बकायादारों पर निगम की सख्त कार्रवाई, काटे गए नल कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजस्व विभाग द्वारा बकाया कर वसूली को लेकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व अमले ने वार्ड क्रमांक 3, सारथी पारा एवं मठपारा दक्षिण क्षेत्र में कर बकायादारों के विरुद्ध नल विच्छेदन की कार्रवाई की। राजस्व विभाग की टीम ने वार्ड 3 के सारथी पारा निवासी फेरु कोंडा/धनीराम के यहां वर्ष 2014 से मार्च 2026 तक लंबित 28,998 रुपए की कर राशि जमा नहीं करने के कारण जल कनेक्शन विच्छेदित किया। इसी प्रकार मठपारा दक्षिण क्षेत्र में रेशम सारथी द्वारा वर्ष 2018 से मार्च 2026 तक 26,577 रुपए की बकाया राशि जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन काटा गया।

नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। शहर के विभिन्न वार्डों में बकाया करदाताओं की सूची तैयार कर कार्रवाई की जा रही है, ताकि निगम की आय में वृद्धि हो और शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके।

आयुक्त ने कहा कि निगम द्वारा नागरिकों को पेयजल, स्वच्छता, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इन सेवाओं के सुचारू संचालन के लिए कर भुगतान आवश्यक है। अतः सभी नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए समय पर कर जमा करें और शहर के विकास में सहभागी बनें।

## 16 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास

# महापौर अलका ने निकाली लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में सरस्वती नगर एवं मां कर्मा बोरसी स्थित एएचपी घटक के तहत निर्मित आवासों का लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवंटन किया गया।

निगम द्वारा निर्मित ये आवास कम कीमत में आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं, जिन्हें शीघ्र ही पूर्ण रूप से आबाद करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आवास प्राप्त करने के लिए हितग्राहियों द्वारा लगातार आवेदन किए जा रहे हैं तथा प्रत्येक माह लॉटरी के माध्यम से निष्पक्ष चयन किया जाता है। लॉटरी प्रक्रिया



में सरस्वती नगर के 9 एवं मां कर्मा बोरसी के 7 आवासों के लिए कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए थे। महापौरअलका बाघमार ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं हितग्राहियों की उपस्थिति में लॉटरी निकालकर आवासों का आवंटन किया। इस दौरान सीनियर सिटीजन एवं गंभीर बीमार हितग्राहियों को प्राथमिकता देते हुए ग्राउंड फ्लोर के आवास प्रदान किए गए, वहीं अन्य हितग्राहियों को लॉटरी के अनुसार आवास आवंटित किया गया। हितग्राहियों ने स्वयं पर्ची निकालकर अपने आवास का चयन किया। महापौर श्रीमती बाघमार ने बताया कि संपूर्ण राशि जमा करने के पश्चात हितग्राहियों को आधिपत्य पत्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक अभियंता संजय ठाकुर, संभव जैन, सीएलटीसी टिकेश्वर साहू, दीपक संचेती, सचिन ताम्रकार, हिमांशु बेलेंद्र सहित निशा बालवे व टीम एवं निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती से परेशान लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भीषण गर्मी में हो रही अघोषित एवं बेतहाशा बिजली कटौती की समस्या से लोग परेशान है। दुर्ग जिले में चल रही भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती की स्थिति पूरी तरह से असहनीय हो चुकी है। दिन में कई-कई घंटों तक बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली चली जाती है, जिससे आम जनता का दैनिक जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो रहा है। गर्मी के इस प्रचंड मौसम में बिना बिजली के घंटों गुजारना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। अपर्याप्त बिजली आपूर्ति के कारण महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भीषण गर्मी में बिना पंखे, कूलर के रहने को मजबूर हैं। इससे न केवल उनके दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं,बल्कि स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और अन्य गर्मी से संबंधित बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। विद्युत विभाग की गैरजिम्मेदाराना कार्यप्रणाली की वजह से लोगों में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है।



हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



## लाइव इवेंट

### राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर डाला प्रकाश, समाज सेवा में सक्रिय होने किया प्रेरित




**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय ई.टी.आई. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक जनेंद्र दीवान ने स्वागत भाषण देते हुए ईटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें समाज सेवा के प्रति और अधिक सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप ने अपने विचार रखते हुए एनएसएस के माध्यम से व्यक्तित्व विकास, समाज में सक्रिय भागीदारी तथा प्रशिक्षण उपरांत अर्जित ज्ञान को समाजहित में उपयोग करने पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम अधिकारियों को अपनी-अपनी इकाइयों में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को जीवन में अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में गर्ल्स कॉलेज की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चांदनी मरकाम द्वारा किया गया। यह सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और उपयोगी रहा।

## लाइव इवेंट

### ब्रह्माकुमारीज़ के समर कैंप में बच्चे सीखेंगे संस्कार और क्रिएटिव



**भिलाई।** बच्चों की गर्मियों की छुट्टियों को सिर्फ आराम में बिताने के बजाय कुछ नया सीखाने और बेहतर बनाने के लिए ब्रह्माकुमारीज़ के बघेरा दुर्ग में संस्कार समर कैंप 2026 का आयोजन किया जा रहा है, जहां बच्चों को खेल-खेल में कई नई स्किल्स सीखने का मौका मिलेगा। ब्रह्माकुमारीज़ दुर्ग की संचालिका रीटा दीदी ने इस कैंप के विषय में बताया कि श्रेष्ठ संस्कार से ही श्रेष्ठ संसार का निर्माण होता है संस्कार समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के मूल संस्कारों जैसे अनुशासन, बड़ों के प्रति सम्मान, दृढ़ संकल्प से कैसे सफलता को प्राप्त करें, इस पर यह समर कैंप पूरा केद्रिंत होगा। इसके अलावा बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना है। संगीत, डांस, पेंटिंग जैसी क्रिएटिव एक्टिविटीज के साथ-साथ योग, की भी ट्रेनिंग दी जाएगी।

#### 3 मई से 10 मई तक आयोजित होगा कैंप

समर कैंप 3 मई से 10 मई तक आयोजित होगी। प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक क्लासेस लगेंगी, ताकि बच्चे दिन की शुरुआत कुछ नया सीखते हुए कर सकें। कैंप में सीटें सीमित हैं, इसलिए अभिभावकों से जल्द रजिस्ट्रेशन कराने को कहा गया है। कैंप के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। यह आयोजन ब्रह्माकुमारीज़ के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में होगा।

### वंचित समुदाय को कराया भोजनऔर किया अन्नदान



**भिलाई।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति रेलवे संगठन शाखा विद्युत लोको शेड भिलाई की ओर से गरीब और वंचित समुदाय को पावर हाउस भिलाई में एवं दुर्ग रेलवे स्टेशन में भरपेट भोजन कराया गया। इस अन्नदान कार्यक्रम में जोनल कार्यकारी अध्यक्ष जी. चंद्रशेखर, मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश डोंगरे, मंडल सह सचिव विजय मूर्मू, शाखा अध्यक्ष ठंडी राम मीणा, शाखा सचिव संजय कुमार मेश्राम, शाखा कोषाध्यक्ष रवि कुमार, शाखा उपाध्यक्ष राज कुमार, शाखा उपाध्यक्ष संजय कुमार, शाखा कार्यालय सचिव अजय तांती ,अनूप शिखर, हेमराम, दीपक कुमार और जे.डी. खान की उपस्थिति रही।

● अक्ति पर बसेंगे पुतला-पुतली के घर, अक्षय तृतीया बनी शुभ घड़ी

# गुड्डे-गुड़ियों का ब्याह रचाने सजे बाजार, खरीदने पहुंच रहे लोग, बच्चे निभाएंगे परंपरा, बढ़ी रौनक

**अक्षय तृतीया का दिन वैसे भी अबूझ मुहूर्त माना जाता है। सोना खरीदने और नया काम शुरू करने के साथ शादी की खरीददारी करने बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। छत्तीसगढ़ का लोक पारंपरिक पर्व अक्ति के लिए रंग-बिरंगे गुड्डे और गुड़ियों की दुकाने भी सज चुकी हैं। गर्मी छुट्टी में बच्चों ने गुड्डे और गुड़िया की शादी के लिए तैयारी शुरू की हैं। इसे देखते हुए ग्रामीण कुम्हारों ने भी मिट्टी से निर्मित बारातियों का सेट तैयार के साथ ही गुड्डे और गुड़िया को आकर्षक स्वरूप दिया है। इसे देखकर बच्चे ही नहीं, बल्कि बड़ों का लगाव भी खरीदने में बढ़ रहा है। इसे देखते हुए दुकानदारों और कारीगरों ने भी सेट और पैकिंग में जरूरी सामग्री उपलब्ध करवाना शुरू किया है। लोगों से भी अच्छा रिस्पांस मिल रहा और बाजार में रौनक भी बढ़ने लगी है।**

**भिलाई।** अक्षय तृतीया इस बार 20 अप्रैल को मनाई जाएगी, बच्चे अब गुड्डे-गुड़ियों की शादी करने और मंडप सजाने की तैयारी में जुट गए हैं।

#### बाजारें में रौनक

अक्ति पर्व को लेकर ट्विनसिटी के प्रमुख बाजारों में पावर हाउस, जवाहर मार्केट, दुर्ग इंदिरा मार्केट, रिसाली सहित अन्य बाजारों में वैवाहिक साजो सामान बेचने वालों के पास गुड्डे-गुड़िया की शादी के लिए सामान खरीदने परिवार के लोगों के साथ बच्चे भी पहुंचने लगे हैं। इनके लिए 100 से 150 रुपए की रेंज में मंडप में उपयोगी सामग्री का भी पैकेट दुकानदार सजाने लगे हैं। वहीं, दूसरी तरफ अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त के रूप में स्वीकार किया जाता है। इस दिन जिन्हें शादी के लिए मुहूर्त नहीं मिलता वे लोग विशेष मुहूर्त में शादी का आयोजन करते हैं।

#### परंपरा निभाने मिट्टी के कारीगरों ने सजाई दुकानें



#### रंग-बिरंगे मोर मुकुट

इसके चलते मार्केट में रौनक बढ़ने लगी है। रस्मों-रिवाज से होने वाली शादियों में रेडिमेड बांस का सूपा, पर्रा, टोकनी, तोरण, कटार, रंग-बिरंगी पंखी, सितारों से बने दूल्हा और दुल्हन के लिए मोर मुकुट भी पैकिंग का हिस्सा है। विष्णु गोयल ने बताया कि अक्षय तृतीया. परशुराम जयंती के चलते बाजार में रौनक बढ़ी है।

#### ड़ो की तरह ही बच्चे भी निभाते हैं सभी रस्में

पंडित सुनील द्विवेदी ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन छोटे बच्चे भी बड़ों की तरह ही गुडे-गुड़िया की शादी करते हैं। इसमें आस-पास रहने वाले लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित भी करते हैं। बारातियों का स्वागत करने के लिए पूड़ी, सब्जी, खीर के साथ नास्ता भी परोसते हैं। इसमें वे बड़ों की तरह ही अक्षय तृतीया से सप्ताहभर पहले से ही तैयारी में जुट जाते हैं। इसके लिए वे आपस में पैसे जमा करके जरूरी सामान जुटाते हैं। बच्चों की खुशी में परिवार के लोग शामिल होते हैं, ताकि उनका आयोजन सफल हो सके।

#### राधा-कृष्ण व किसान के रूम में खरीद रहे गुड्डा-गुड़िया

इस परंपरा को आज और कल दोनो दिन अपनी अपनी परंपरानुसार निभाया जायेगा।, बच्चों का समूह कॉलोनियों और बस्तियों में गुड्डे-गुड़िया का विवाह रचाने के लिए तैयारी तेज की है। परिवार के लोगों को साथ लेकर बाजार से गुड्डे-गुड़िया के साथ बारातियों का सेट भी लोग खरीद रहे हैं। इसके लिए लोगों को 300 से 500 रुपए देना पड़ रहा है। बाजार में विशेष गेटअप वाले गुड्डे और गुड़िया को मिट्टी से तराशने के बाद आकर्षक लुक दिया है। 100 से 300 रुपए जोड़ी मिलने से लोग बच्चों की खुशी के लिए खरीदने में रुचि ले रहे हैं।

#### अक्षय तृतीया का महत्व

पंडित सुनील द्विवेदी बताते हैं कि अक्षय का अर्थ है जिसका क्षय न हो। इस दिन किए गए दान, जप और मांगलिक कार्य का फल अक्षय रहता है। छत्तीसगढ़ में इसी दिन किसान नए साल की खेती का श्रीगणेश करते हैं और बीज बोने से पहले माटी पूजन करते हैं। अक्ति पर्व कृषि संस्कृति से जुड़ा हुआ है। जिसमें आने वाली फसल की खुशहाली के लिए बचपन से ही जुड़ाव माना जाता है।



## फिल्मी गीतों ने हिन्दी भाषा को जन-जन तक पहुंचाने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

**भिलाई।** बीएसपी के नगर सेवाएं भवन सभागार में हिन्दी फिल्मी गीतों का योगदान, राजभाषा के प्रसार में विषय पर राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप महाप्रबंधक नगर सेवाएं राघवेन्द्र गर्ग ने किया। अतिथि के रूप में उप महाप्रबंधक एचआर माइंस यशवन्त कुमार साहू तथा उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी उपस्थित थे।

यशवन्त कुमार साहू ने वर्ष 1913 से 2023 तक के हिन्दी फिल्मी गीतों, भजनों और गजलों के माध्यम से हिन्दी भाषा के प्रसार के विविध आयामों को प्रस्तुत किया। उन्होंने हिन्दी भाषा की समावेशी क्षमता को रेखांकित करते हुए बताया कि किस प्रकार फिल्मी गीतों ने जन-जन तक हिन्दी को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संगोष्ठी में वक्तागण केदारनाथ सोनबेर, समरजीत दत्ता, लक्ष्मीनारायण दुबे, आर शेषाद्रि अय्यर, नन्दकिशोर बोरकर और वर्चला शर्मा ने हिन्दी फिल्मी गीतों के माध्यम से अन्तर्राज्यीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों के जुड़ाव को विस्तारपूर्वक समझाया। वक्ताओं ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि पुराने हिन्दी फिल्मी गीत कहावतों, मुहावरों और भाषा की शुद्धता को समझने का सशक्त आधार प्रस्तुत करते हैं।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभागीय हिन्दी समन्वय अधिकारी मुकुन्द दास मानिकपुरी ने कहा कि भक्ति और प्रेम से



ओत-प्रोत संत कबीर के रहस्यमय भजनों को फिल्मी गीतों के माध्यम से समझने में अत्यधिक सहायता मिलती है, जिसका लाभ हिन्दी साहित्य के शोधार्थियों ने प्रभावी रूप से उठाया है। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में महाप्रबन्धक पीएचडी- प्लानिंग-समन्वय केके यादव द्वाराअतिथियों और वक्ताओं को पुरस्कृत किया गया। उप प्रबन्धक नन्द किशोर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## टिकेश्वरी को दाऊ मंदराजी व महेंद्र को डॉक्टर राधाकृष्णन शिक्षा रत्न अवॉर्ड

**भिलाई** । भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा अंचल के कलाकार व समाजसेवी टिकेश्वरी लाल देशमुख को शैक्षणिक साहित्यिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दाऊ मंदराजी सम्मान तथा महेंद्र सिन्हा को शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण साक्षरता खेल नशा मुक्ति अभियान सामान्य व्यक्तित्व विकास तथा सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा रत्न अवार्ड से नवाजा गया। धमतरी में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ अंचल के लेखकों कलाकारों व समाजसेवियों की विशेष उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया। साक्षरता हरेली जगार व विभिन्न सामाजिक विषयों पर कला जत्था एवं संवाद के माध्यम से जन जागरूकता व सामाजिक सरोकारों को प्रतिस्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदत्त उक्त सम्मान के लिए लोकमंजरी संयोजक पुन्नू यादव लोक नृत्यांगना रामेश्वरी, सुरेंद्र शर्मा, गंगा प्रसाद शर्मा, नीलम दास मानिकपुरी, जगतपाल सहित अंचल के कई कलाकारों ने बधाई दी है।





### अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों और कोच का हुआ सम्मान

## 26वीं राज्य पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 250 खिलाड़ी दिखा रहे दमखम, खिलाड़ी और कोच सम्मानित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन एवं पावर जिम भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप की शुरुआत सेक्टर-6 स्थित पावर जिम में हुई। 17 से 19 अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर से सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर वर्ग के लगभग 250 खिलाड़ी बालक-बालिका और महिला-पुरुष हिस्सा ले रहे हैं।

#### उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा द्वारा रिबन काटकर की गई। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए अनुशासन, समर्पण और खेल भावना को सफलता का आधार बताया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ओलंपिक खिलाड़ी एवं अर्जुन अवॉर्डी राजेंद्र प्रसाद डीजीएम, बीएसपी, युवा कांग्रेस नेता सुजीत बघेल भिलाई-चरोदा और वर्किंग प्रेसिडेंट तुलसी सोनी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

#### पहले दिन के मुकाबले और आगे की रूपरेखा

प्रतियोगिता के पहले दिन बालकों के 53, 59, 66 और 74 किलोग्राम वर्ग में मुकाबले आयोजित किए गए। विजेता खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्डी राजेंद्र प्रसाद द्वारा पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। हैवीवेट वर्ग की स्पर्धाएं जारी हैं जिनका समापन 19 अप्रैल को होगा। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्य संतोष देवांगन, त्रिलोक सिंह, ए. नागभूषण, संतोषी माझी, पद्मिनी शर्मा, धारिणी जोशी, नामदेव साहू, नस्कर टंडन, महेश पटेल, आसिफ अली खान, अखिलेश पांडेय, लोमन सिंह, राजकुमार पांडेय, सुरेंद्र सूरी, अशोक पिल्लई, राज वासनिक, जयदीप साहू, अरुण गोयल, जे. भुनेश्वर राव, श्रीकांत, ममता रजक, प्रियांक मिश्रा, मुन्नू स्वामी, पीयूष टंडन, ब्लेसन बोस्को, पिंटू आर्या साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

#### अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान 3 से 13 जुलाई तक साउथ अफ्रीका में आयोजित होने वाली एशिया पैसिफिक इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में चयनित छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया। जिसमें जयदीप साहू भिलाई इस्पात संयंत्र, प्रियंका मिश्रा बिलासपुर, अमन शुक्ला भिलाई इस्पात संयंत्र और कोच कृष्णा साहू सहित भारतीय टीम से नस्कर टंडन दुर्ग का चयन पोलैंड में आयोजित प्रतियोगिता के लिए किये जाने पर सम्मानित किया गया।






समाज इवेंट

## ओसवाल पंचायत की नई कार्यकारिणी और ट्रस्ट मंडल में नए सदस्य शामिल





**दुर्ग।** दुर्ग में ओसवाल जैन समाज के सभी सम्प्रदायों की सहभागिता के साथ ओसवाल पंचायत दुर्ग की सामान्य सभा का आयोजन वर्धमान भवन, गवलीपारा में सम्पन्न हुआ। इस बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा ट्रस्ट मंडल में रिक्त पदों पर नए सदस्यों को शामिल किया गया। सभा में सर्वसम्मति से ज्ञानचंद कोठारी को ओसवाल पंचायत का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं संतोष लोढ़ा को मंत्री एवं संजय लोढ़ा को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में निर्मल बाफना, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कचरमल बाफना, निर्मल बोथरा वरिष्ठ सह मंत्री, ताजी छाजेड़ कनिष्ठ सह मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया। महावीर कॉलोनी स्थित महावीर भवन का प्रभार निर्भय देशलहरा को तथा ओसवाल भवन के बर्तन विभाग का प्रभार तुलेश बुरड़ को सौंपा गया।

■ ट्रस्ट मंडल में रिक्त पदों पर नए सदस्यों को किया गया शामिल

ट्रस्ट मंडल में रिक्त हुए पदों पर किशोर कोठारी एवं ज्ञानमल ढलढिया को नए ट्रस्टी के रूप में शामिल किया गया। वर्तमान में प्रकाश देशलहरा प्रमुख ट्रस्टी के रूप में कार्यरत हैं। उनके साथ जेठमल दुग्गड़, पारसमल कोठारी, ताराचंद काकरिया, राजेंद्र मारोठी, सुरेश लूनिया एवं गणपत रतन बोहरा ट्रस्ट मंडल में शामिल हैं। नवगठित कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा, जो मार्च 2029 तक प्रभावी रहेगा। कार्यकारिणी में कांतिलाल बोथरा, किशोर कोचर, देवीचंद दुग्गड, दीपक चोपड़ा, वैभव चौरडिया, राजेश कोचर, धनराज बोहरा, सुधीर बाघमार, हर्ष पारख, सुशील रुणवाल गौतम पारख. राकेश मेहता, राकेश कर्णावट, विक्रम पारख, ओमप्रकाश सांखला, ज्ञानचंद पारख, सोनराज सांखला, दीपक देशलहरा, नवीन देशलहरा, पुनम श्रीमाल, अनिल बाफना, रिखब चोपड़ा, मदन लाल कोचर, ताराचंद कोचर, अनिल डाकलिया, सुभाष सुराणा, विजय कोठारी, निर्मल श्रीमाल,संजय बरमेचा को सभी संप्रदायों से शामिल किया गया।

नव नियुक्त अध्यक्ष ज्ञानचंद कोठारी ने बताया कि आगामी तीन वर्षों में स्वधर्मी अन्न सहायता योजना, शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में समाज के सदस्यों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही ओसवाल पंचायत के बैनर तले एक सुव्यवस्थित भवन निर्माण की दिशा में भी कार्य किया जाएगा, जिससे समाज के आयोजनों हेतु बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में महंगे रिसॉर्ट्स में होने वाले विवाह आयोजनों के स्थान पर समाज का अपना ऐसा भवन हो, जहां पर्याप्त पार्किंग एवं सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो,इस दिशा में भी प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा।

● ब्लेज़ कार्निवल के आयोजन में स्वरचित कविताओं ने बांधा समां

# नर्सिंग स्टूडेंट ने सिगिंग, डांसिग और फैशन शो में लगाया ग्लैमर का तड़का, हॉरर हाउस रहा आकर्षण का केंद्र

भिलाई। नर्सिंग कालेज में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग ब्लेज़ कार्निवल का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के पहले से आठवें सेमेस्टर तक की छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें फैशन शो और हॉरर हाउस मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। सोलो, डुएट डांस और ग्रुप डांस के साथ ही सोलो सिंगिंग और कविता प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें विशेष रूप से विद्यार्थियों द्वारा स्वरचित कविताएं प्रस्तुत की गई। भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा बीएसपी से 9 मेन हॉस्पिटल जेएलएनएचआरसी के सहयोग से संचालित पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में रंगारंग ब्लेज़ कार्निवल में विद्यार्थियों ने डीआईवाय क्राफ्ट प्रतियोगिता और रंग-बिरंगी रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एक फैशन शो का भी आयोजन किया गया, जिसने कार्यक्रम में आकर्षण और ग्लैमर का तड़का लगाया।











**सिंगिग और डांसिग के साथ स्वरचित कविताओं की प्रस्तुतिः** कार्यक्रम में विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता देखने को मिली। इनमें सोलो डांस, डुएट डांस और ग्रुप डांस प्रतियोगिताएं शामिल थीं, साथ ही सोलो सिंगिंग और कविता प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विशेष रूप से, विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वरचित कविताएं थीं, जिन्होंने उनकी मौलिकता और अभिव्यक्ति को दर्शाया।

### चटपटे व्यंजनों के स्टॉल में लगी भीड़

कार्यक्रम में स्वादिष्ट व्यंजन स्टॉल भी लगाए गए थे, जिनमें गुपचुप और जलजीरा, चाट पापड़ी, चुस्की जैस स्वादिस्ट आइटम शामिल किये गए थे जिनका सभी ने भरपूर आनंद लिया। विभिन्न गेम स्टॉल्स में भी कार्निवल के माहौल को और अधिक रोमांचक बना दिया।

### रचनात्मकता के साथ दिखा टीम वर्क

इस आयोजन का सबसे आकर्षण का केंद्र हॉरर हाउस रहा, जिसे विद्यार्थियों ने स्वयं रचनात्मक ढंग से तैयार किया था। इसने सभी का ध्यान आकर्षित किया और खूब सराहना प्राप्त की। ब्लेज़ कार्निवल सभी विद्यार्थियों के लिए जीवंत और यादगार कार्यक्रम रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता, आपसी ताल-मेल और टीमवर्क का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलेज की उपाध्यक्ष कविता द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया साथ ही समापन छात्रा सुलोचना द्वारा सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।



#GJ Advertisers 9179009179

सुपेला अस्पताल सबसे आगे

# एचपीवी टीकाकरण में जिला अस्पताल समेत कई केंद्र पिछड़े

## चन्दूलाल मेडिकल कॉलेज में नहीं लग पाया एक भी टीका

सुवांकर रॉय ▶▶| भिलाई

बालिकाओं को गंभीर बीमारी सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए जिले में शुरू किया गया एचपीवी टीकाकरण अभियान रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। दुर्ग जिले में यह अभियान 6 अप्रैल से शुरू किया गया था, जबकि जिला अस्पताल दुर्ग में इसकी शुरुआत 15 मार्च से ही हो चुकी थी। अभियान का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा किशोरियों को समय पर टीका लगाकर भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करना, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बता रही है।

पूरे जिले में सुपेला सिविल अस्पताल इस अभियान में सबसे आगे चल रहा है। 6 अप्रैल से लेकर 16 अप्रैल तक 11 दिन में सुपेला अस्पताल में कुल 49 टीके लगाए गए हैं। यहां टीकाकरण की रफ्तार बेहतर है और लक्ष्य के मुकाबले ज्यादा बालिकाओं को कवर किया जा रहा है। वहीं 15 मार्च से 16 अप्रैल तक 32 दिन में जिला अस्पताल में महज 10 टीके लगाए गए। वहीं दूसरी तरफ जिला अस्पताल दुर्ग सहित कई अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति कमजोर बनी हुई है। चन्दूलाल मेडिकल कॉलेज कचांदूर में अब तक एक भी टीके नहीं लगाए गए। यहां टीकाकरण की गति धीमी है और लक्ष्य से काफी पीछे चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, जागरूकता की कमी, अभिभावकों की हिचकिचाहट और फील्ड लेवल पर प्रचार-प्रसार की कमी इसके प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। कई जगहों पर अब भी लोग एचपीवी वैक्सिन को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह टीका बालिकाओं को कम उम्र में दिया जाए तो आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।





टीकाकरण के बाद किशोरियों को दिया गया सार्टिफिकेट।

**16 अप्रैल तक लगाए गए टीके**

| स्वास्थ्य केन्द्र | टीके |
|---|---|
| सिविल अस्पताल सुपेला | 49 |
| सीएचसी निकुम | 23 |
| सीएसी उतई | 23 |
| सेक्टर-9 अस्पताल | 22 |
| सीएचसी पाटन | 18 |
| सिविल अस्पताल नगपुरा | 14 |
| सीएचसी कुम्हारी | 11 |
| जिला अस्पताल | 10 |
| सीएचसी झीट | 8 |
| सीएससी अहिवारा | 7 |
| सीएचसी बोरी | 5 |
| सीएचसी धमधा | 4 |
| सीएम मेडिकल कॉलेज | 0 |

### फील्ड में उतरी 450 से ज्यादा मितानिनें

बीईटीओ भिलाई हितेन्द्र कोसरे ने बताया कि शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीयम सिंह के मार्गदर्शन में बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 3 एरिया कोऑर्डिनेटर, 22 मितानिन ट्रेनर और 451 मितानिनों की टीम लगातार फील्ड में काम कर रही है। ये मितानिनें घर-घर जाकर न सिर्फ लोगों को टीके के फायदे समझा रही हैं, बल्कि बालिकाओं को अस्पताल तक लाने में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। अक्सर जानकारी की कमी और डर के कारण लोग टीका लगवाने से हिचकते हैं। ऐसे में मितानिनों की सीधी बातचीत और भरोसा ही इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बन रहा है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि अगर इसी तरह जागरूकता बढ़ती रही, तो ज्यादा से ज्यादा बालिकाओं तक यह सुरक्षा कवच पहुंचाया जा सकेगा।





